


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 183

ग्वालियर, मंगलवार, 24 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दी स्व. कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज उत्तरप्रदेश के ग्राम अतरौली के निकट ग्राम नरौरा में उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ केन्द्रीय जल शक्ति एवं खाद्य प्र-संस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी साथ थे। उन्होंने भी स्व. कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. कल्याण सिंह एक व्यक्ति ही नहीं एक संस्था भी थे। वे निर्धन वर्ग के उत्थान के लिए सदैव सक्रिय रहे। उन्होंने किसानों के अधिकार-पत्र बनाने का महत्वपूर्ण कार्य भी किया। स्व.श्री सिंह पिछड़े वर्ग और किसानों के हित में आजीवन प्रयासरत रहे।

### असम और उ.बंगाल में महसूस किए भूकंप के झटके, 4 रही तीव्रता

**गुवाहाटी (ए)।** असम में सोमवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। एक आधिकारिक बुलेटिन में बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 रही। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप दोपहर 1.13 बजे आया। इसके केंद्र पश्चिमी असम के कोकराझर में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के झटके उत्तरी बंगाल में भी महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही पश्चिमी असम और उत्तरी बंगाल के लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। अभी तक किसी के मारे जाने या घायल होने की खबर नहीं है। संपत्ति को नुकसान की भी को रिपोर्ट नहीं आई है। उत्तर-पूर्व भूकंप संवेदनशील इलाका है, जिसके चलते यहां अक्सर धरती हिलती रहती है।

### रेलवे ने झेला 36 हजार करोड़ रु का नुकसान, रेल राज्यमंत्री ने दी जानकारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रावसाहेब दनवे ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान रेलवे ने 36 हजार करोड़ का नुकसान उठाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवहन में मालगाड़ियों का दर्जा वास्तविक राजस्व उत्पादक का है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन मुंबई-नागपुर एक्सप्रेस वे के साथ एक बुलेट ट्रेन पर भी काम शुरू किया जाएगा। दनवे जालना रेलवे स्टेशन पर एक अंडरब्रिज का शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यात्री ट्रेनें हमेशा घाटे में दौड़ती हैं। टिकट किराया बढ़ाने से यात्री प्रभावित होते हैं, लिहाजा हम ऐसा नहीं कर सकते। कोरोना महामारी के दौरान सिर्फ मालगाड़ियों ने राजस्व अर्जित किया है। इन ट्रेनों ने माल ढुलाई और लोगों को राहत पहुंचाने में भी अहम भूमिका अदा की है।

### चीन को ताकत दिखाने की तैयारी, आईएनएस विराट भी रहेगा मौजूद

**नई दिल्ली (ए)।** भारत सहित क्वाड देशों अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान का 4 दिवसीय नौसैनिक युद्धाभ्यास 26 से 29 अगस्त के बीच गुआम तट पर होगा। यह हाई वोल्टेज युद्धाभ्यास हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य गतिविधियों में तेजी को देखते हुए वैश्विक चिंता के बीच किया जा रहा है। भारतीय नौसेना के अधिकारी विवेक माधवाल का कहना है कि इस युद्धाभ्यास में भारत के आईएनएस विराट और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस कदमत अमेरिकी तट पर शनिवार को ही पहुंच चुके हैं, जहां जटिल अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह युद्धाभ्यास 4 देशों के बीच साझेदारी के मजबूत होने का परिचायक है। बताया जाता है कि इन देशों के बीच सहयोग को और विस्तार देने की संभावना तलाशने के लिए अगले दो तीन महीनों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के क्वाड देशों के नेताओं के साथ वाशिंगटन में व्यक्तिगत रूप से बैठक करने के आसार हैं।

### भक्तों के लिए खुला जगन्नाथ मंदिर, पुलिस ने मांगी श्रद्धालुओं से प्रतिक्रिया

**पुरी (ए)।** पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर करीब चार माह बंद रहने के बाद सोमवार से फिर खुल रहा है। एक दिन पहले, रविवार को पुलिस ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया था कि वे मंदिर जाने के अपने अनुभव को पुलिस के साथ साझा करें। पुलिस ने बताया कि श्रद्धालु मंदिर में पुलिस को अपने अनुभवों के बारे में बता सकते हैं, इसके लिए उन्हें एक फॉर्म भरना होगा। वे ऑनलाइन 'क्यूआर कोड' के जरिए भी अपनी प्रतिक्रिया कर सकते हैं। पुरी पुलिस ने ट्वीट किया हमारा अनुरोध है कि अपने अनुभव हमारे साथ साझा कीजिए, ताकि श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में दर्शन के अनुभव को और बेहतर एवं सुगम बनाया जा सके।

## दिग्विजय सिंह हर समय पाकिस्तान परस्ती की बातें क्यों करते हैं: सारंग

### क्या वे पाकिस्तान के स्लीपर सेल हैं? क्या वे आईएसआई एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं?

### चूड़ी बेंचने वाले के पास इतने आधार कार्ड क्यों हैं वह अपनी पहचान क्यों छिपा रहा है - विश्वास कैलाश सारंग



**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा व भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दिग्विजय सिंह के ट्विट पर पलट बार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह हर समय पाकिस्तान परस्ती की बात करते हैं। क्या दिग्विजय सिंह पाकिस्तान के स्लीपर सेल हैं? क्या वह आई एस आई एजेंट के तौर पर काम करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि चाहे कन्हैया कुमार की बात हो या हाफिज सईद की बात हो या फिर अब उज्जैन की घटना की बात हो जब भी देशद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई होती है उनके पेट में दर्द होने लगता है। श्री सारंग ने कहा कि किसी भी मस्जिद, कार्यक्रम और मदरसे में काजी साहब जिंदाबाद के नारे नहीं लगाए जाते, इस्लाम में इस बात की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह 3 दिन बाद क्यों ट्वीट कर रहे हैं? क्या वह अपराधियों को बचाना चाहते हैं? मतलब साफ है कि हर बार की तरह दिग्विजय सिंह देशद्रोहियों को संरक्षण देना चाहते हैं।

मंत्री सारंग ने कहा कि दिग्विजय सिंह सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े करके सेना का मनोबल गिराना चाहते हैं। दिग्विजय सिंह हर समय आतंकवादियों के साथ खड़े दिखाई देते हैं। श्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को आगे आकर दिग्विजय सिंह के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो यह माना जाएगा कि यह कांग्रेस का ऑफिशियल बयान है। लोग कहने लगे हैं कि दिग्विजय सिंह पाकिस्तान के स्लीपर सेल जैसा काम करने लगे हैं। कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए कि हर समय देशद्रोहियों के साथ दिग्विजय सिंह क्यों दिखते हैं।

मंत्री सारंग ने इंदौर मामले पर कहा कि यह जांच का विषय है कि कोई व्यक्ति नाम बदलकर क्यों रह रहा है? उत्तर प्रदेश से इंदौर चूड़ी बेचने आए तसलीम खान के पास हिंदू और मुसलमान दो नामों से अलग अलग-आधार कार्ड क्यों हैं? इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए उसकी पिटाई पर चर्चा से ज्यादा बात उसके गलत कृत्य, आइडेंटिटी क्यों छुपाई है इस पर होनी चाहिए ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश में लव जिहाद का बड़ा रैकेट पकड़ाया है? लव जिहाद एंगल से भी जाँच होना चाहिए। श्री सारंग ने कहा कि यह समुदाय का मामला नहीं है यह पहचान का मामला है। उस व्यक्ति ने अपनी पहचान क्यों छिपाई, उसके बाद इतने आधार कार्ड क्या कर रहे थे? कहीं वह आईएसआई से तो नहीं या किसी देशविरोधी गतिविधि में शामिल तो नहीं जाँच में इन सभी बिंदुओं को शामिल करना चाहिए। श्री सारंग ने कहा कि कुछ दिन पहले इंदौर के बॉम्बे बाजार में वाल्मीकि समाज से जुड़े सब्जी बेचने वाले और उसकी दो नाबालिक रिश्तेदारों को कुछ लोगों द्वारा पीटा गया था, लेकिन तब कांग्रेस और दिग्विजय सिंह ने कोई आवाज नहीं उठाई क्योंकि तब पीड़ित हिन्दू थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राहुल गांधी से मुलाकात की



### करीब एक घंटे की इस मुलाकात में कमलनाथ ने विभिन्न राजनैतिक मुद्दों, वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों व संगठन से जुड़े मामलों पर चर्चा की

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज नई दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। उन्होंने करीब एक घंटे की मुलाकात में विभिन्न राजनैतिक मुद्दों, वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों व संगठन से जुड़े मामलों पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन के कार्यों, विधानसभा के मानसून सत्र को 3 घंटे में ही समाप्त करने से लेकर प्रदेश में ओबीसी वर्ग, आदिवासी वर्ग की भाजपा सरकार द्वारा निरंतर की जा रही अनदेखी, प्रदेश में दलित वर्ग पर बढ़ती उत्पीड़न की घटनाओं से लेकर नेमावर कांड, प्रदेश के कई हिस्सों मे आयी बाढ़, कांग्रेसजनो के सेवा व राहत कार्य से लेकर प्रदेश में आगामी समय में होने वाले उपचुनावों, भाजपा सरकार द्वारा लोकसभा की तरह विधानसभा में भी चर्चा से भागना, सहित अन्य प्रमुख जनहित के मुद्दों की भी जानकारी देकर उस पर भी इस मुलाकात में चर्चा की।

### किसान आंदोलन के चलते बंद सड़कों की समस्या का समाधान ढूंढे केंद्र सरकार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह 3 कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलनकारी किसानों के प्रदर्शन के चलते आवाजाही के लिए बंद की गई सड़कों की समस्या का समाधान ढूंढे। अदालत ने यह निर्देश नोएडा के एक निवासी की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में नोएडा से दिल्ली का मार्ग खाली रखना सुनिश्चित करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि नोएडा से दिल्ली को जोड़ने वाली सड़कें किसान आंदोलन की वजह से बंद हैं और इसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन्हें तत्काल खोला जाना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर अब तक सड़कें बंद क्यों हैं। प्रदर्शन करने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन सड़कें बंद नहीं होनी चाहिए। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार और तीन संबंधित राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि वे समन्वय स्थापित करें और रोड ब्लॉक को खत्म कराने का प्रयास करें। समाधान केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों के हाथ में है। किसी भी कारण से सड़कों को बंद नहीं किया जाना चाहिए। मसले के समाधान के लिए केंद्र को समय दिया जाता है। वह इस मसले का समाधान करे और हमें रिपोर्ट सौंपे।

## खंडवा में कांग्रेस को अरुण यादव का सहारा, भाजपा दावेदारों पर कर रही मंथन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 4 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों का ऐलान भले अभी न हुआ हो, लेकिन बीजेपी और कांग्रेस ने उपचुनाव वाली सीटों पर जोर आजमाइश शुरू कर दी है। सबसे अहम खंडवा सीट पर कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार अरुण यादव ने सभी आठों विधानसभा सीट पर पहुंच कर अपनी दावेदारी को मजबूत कर लिया है। वहीं भाजपा अभी दावेदारों पर मंथन कर रही है। विगत दिनों सीएम हाउस में प्रभारियों से रिपोर्ट लेकर उस पर चर्चा की गई।

अरुण यादव ने खंडवा लोकसभा सीट के तहत आने वाली विधानसभा सीट बागली, खंडवा, पंधाना, मांधाता, भीकनगांव, बड़वाह, बुरहानपुर, नेपानगर का दौरा कर लोगों के बीच पहुंचना शुरू कर दिया है। वे अपने जनसंपर्क के दौरान न सिर्फ फसलों को हो रहे नुकसान, बल्कि सरकार की योजनाओं की हकीकत को भी परखने में लगे हैं। कांग्रेस पार्टी ने अभी तक खंडवा लोकसभा सीट को लेकर उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है, लेकिन यादव की खंडवा लोकसभा सीट पर सक्रियता बताती है कि कांग्रेस उन्हीं के सहारे ही खंडवा सीट के उपचुनाव में उतरेगी। हालांकि अरुण यादव अपने जनसंपर्क को संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में हो रहे प्रयास बता रहे हैं। उनका कहना है कि चुनाव को लेकर उनकी 24 घंटे तैयारी रहती है। लेकिन, पीसीसी के निर्देश पर मंडलम स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है।

**रूठों को मनाने में लगे हैं अरूण:** खंडवा लोकसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में




अरूण यादव का नाम लगभग तय हो चुका है। प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने उनके नाम पर सहमति दे दी है। अरूण यादव को दिल्ली बुलाकर समझाया गया है कि खंडवा में कांग्रेस के अंदर ही उनका काफी विरोध है। चुनाव की घोषणा से पूर्व उन्हें खंडवा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं के बीच जाकर विरोध को खत्म करना होगा। पार्टी के संकेत मिलते ही अरूण यादव ने अपने विरोधी नेताओं से मतभेद खत्म करने की मुहिम तेज कर दी है। देखना है कि चुनाव से पहले कांग्रेस की गुटबाजी कितनी कम होती है?

**बीजेपी उम्मीदवार पर लग रहीं अटकलें:** दूसरी ओर, अब तक खंडवा लोकसभा सीट को लेकर रणनीति बनाने में जुटी बीजेपी भी अपनी सक्रियता बढ़ा रही है। पहले बीजेपी नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की आशीर्वाद यात्रा खंडवा लोकसभा सीट के करीब से गुजरी तो उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने वहां पहुंचकर बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाया। शर्मा ने यहां कुशाभाऊ ठाकरे के नाम पर सहानुभूति के वोट बटोरने का अभियान शुरू किया है। दरअसल खंडवा सीट पर कुशाभाऊ ठाकरे चुनाव लड़ चुके हैं और ऐसे में बीजेपी ठाकरे के नाम पर लोगों के बीच सहानुभूति बनाने की कोशिश में जुट गई है। हालांकि, बीजेपी के संभावित उम्मीदवार को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। खंडवा सीट पर दावेदारी कर रही पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस को पार्टी ने प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है।









# पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह 25 को शिवपुरी आकर जानेंगे बाढ़-पीड़ितों का हालचाल

शिवपुरी।

मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं राधौगढ़ के विधायक जयवर्धन सिंह बुधवार को शिवपुरी जिले के दौरे पर आ रहे हैं। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता विजय चौकसे ने बताया कि जयवर्धन बुधवार 25 अगस्त को ग्वालियर से रवाना होकर सुबह 11:00 बजे शिवपुरी पहुंचेंगे जहां बालाजी धाम के आगे नए बायपास चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इससे पहले सुभाषपुरा एबं सतनबाड़ा पर कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे बाबा साहब शिवपुरी वायपास से होकर कोलारस पहुंचकर विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और 11:30 बजे पत्रकार वार्ता लेंगे तदुपरान्त 12:00 बजे रवाना होकर ग्राम भड़ौता, आवादी फार्म हाऊस, साखकौर, पिपरोदा, पचावली पुल बाड़ पीड़ितों के बीच जाकर उनकी हर संभव मदद का प्रयास करेंगे इसके बाद 3 बजे बदरवास कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे और ग्राम रेझा घाट में बाड़ पीड़ितों से मिलकर उनको राहत दिलवाने में मदद करेंगे जिलाध्यक्ष पं.श्रीप्रकाश शर्मा के निर्देशन में उनके साथ प्रदेश सचिव रन्नौद के जयकिशन मांझी, बदरवास ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह यादव,कोलारस ब्लॉक अध्यक्ष अशोक शर्मा जयवर्धन को बाड़ पीड़ितों की विस्तृत जानकारी अपलब्ध करायेंगे तथा फौरी तौर पर कुछ राहत भी बाड़ पीड़ितों को उपलब्ध करायेंगे।

## टीकाकरण महाअभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करें: कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह



शिवपुरी। पूरे प्रदेश में 25 एवं 26 अगस्त को टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा। इसकी तैयारियों के संबंध में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की अध्ड़यक्षता में सोमवार को जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा, एडीएम उमेश शुक्ला, एसडीएम एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी सहित टीकाकरण अभियान के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि टीकाकरण महाअभियान में 25 अगस्त को कोरोना वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज तथा 26 अगस्त को दूसरा डोज निर्धारित केन्द्रों पर लगाया जाएगा। जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई है वह अपने नजदीकी केंद्र पर जाकर वैक्सीनेशन करवाएं और जिन लोगों का दूसरा दोज नहीं लगा है वह दूसरा डोड़ अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अधीनस्थ अमले द्वारा टीकाकरण महाअभियान के संबंध में जागरूक किया जाए। टीकाकरण महा अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ अमले द्वारा रैलियों सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जानकारी दी जाए कि कोरोना नियंत्रित हुआ है, परन्तु पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ इससे बचाव के लिए वैक्सीनेशन अवश्य कराएं। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें आवंटित किए गए क्षेत्र में क्राइसिस मैनेजमेंट समूह के साथ मिलकर ग्रामीणों को महा अभियान की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन महाअभियान में आशा, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण महाअभियान को उत्सव के वातावरण के साथ बनाएँ। नागरिक प्रथम डोज लगवाने के बाद लापरवाही बरत रहे हैं। दूसरा डोज लगवाना भी जरूरी है। यह बात आमजन को बताते हुए जन-जागरण का कार्य आवश्यक है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर लोगों को पीले चावल देकर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रित करने और अन्य नवाचारों से वैक्सीनेशन के महाअभियान में गति लायें।

## कुशवाह समाज ने पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन महिला के पति एवं पुत्री की मारपीट को लेकर आगे आया कुशवाह समाज



शिवपुरी। घटना जिले के कोलारस थाना क्षेत्र की है जहाँ एक महिला के पति व उसकी पुत्री के साथ मारपीट को लेकर कुशवाह समाज आगे आया मामले को लेकर कुशवाह समाज ने पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। जिला कुशवाह समाज संघ ने एसपी शिवपुरी को दिए ज्ञापन में बताया कि महिला मिथलेश कुशवाह के पति व उसकी 13 वर्षीय पुत्री खुशी कुशवाह की सीताराम कुशवाह निवासी राई तहसील कोलारस की आरोपित संतोष अवस्थी, अन्नू, अज्जू निवासी ग्राम राई द्वारा लात-घूसों से मारपीट कर दी। मामले को लेकार कोलारस थाने में केस भी दर्ज करवाया गया। अब आरोपित उक्त लोगों पर राजीनामा के लिए दबाव बना रहे हैं। राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कुशवाह समाज के लोगों ने एसपी से आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

## अतिक्रमण करने की शिकायत की तो दबंगों ने बंदूक, लाठी, सरियों से कर दी मारपीट



शिवपुरी। जिले के करैरा थाना क्षेत्र में दबंग ने आम रास्ते पर अतिक्रमण कर निर्माण करवा दिया जब इस निर्माण कार्य की शिकायत पड़ोसी ने की तो उस पर फायर कर लाठी व सरियों से मारपीट कर दी। मामले को लेकर हरगोविंद का छोटा भाई भूरा पुत्र प्रभुदयाल कुशवाह पुलिस अधीक्षक कार्यालय अपनी फरियाद लेकर आया जहां उसने बताया कि आम रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर 20 अगस्त को नारायण सिंह, चंदनसिंह, मानसिंह पुत्र रामप्रसाद कुशवाह एवं हरज्ञान गुर्जर निवासी हाजीनगर टीला रोड करैरा ने उसके भाई हरगोविंद के मकान के आगे का रास्ता दीवाल बनाकर बंद कर दिया। इस मामले को लेकर थाने में शिकायत की लेकिन थानेदार ने भी नहीं सुनी और अभद्र व्यवहार कर वहाँ से भगा दिया। इसके बाद जब वह घर गया तो युवक हरज्ञानसिंह गुर्जर बंदूक लेकर आया और हवाई फायर कर धमकी दी। फायर किए जाने की शिकायत थाना प्रभारी से की जहां थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और हरगोविंद व पैरसिंह को गाड़ी में बैठाकर थाने ले आए और राजीनामा करने को कहा। थानेदार की बात पर तीनों व्यक्ति नारायणसिंह के पास जा रहे थे जैसे ही टीला रोड पर मुकेश कुशवाह के घर के आगे पहुच तो वहां पर नारायणसिंह, मानसिंह, धीरजसिंह गुर्जर, हरज्ञन गुर्जर, प्रदीप गुर्जर तथा अन्य 6 लोगों ने रास्ता रोक लिया। उक्त लोगों के हाथों में हथियार थे। इन सभी लोगों ने मारपीट कर दी जिससें चोटें आई। मामले को लेकर थाने पहुंचे तो दरोगा ने भगा दिया।जब दरोगा ने नहीं सुनी सुनी तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिवपुरी पर मामले में आरोपित के खिलाफ कार्रवाई कर इंसाफ दिलाए जाने की बात कही।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से बिजली कंपनी की महिला कर्मचारी की मौत, छतरी रोड स्थित घर में हुआ था हादसा



शिवपुरी। शहर की छतरी रोड पर रहने वाली बिजली कंपनी की महिला कर्मचारी को टुल्लू पंप के तार लगाते वक्त करंट लग गया। करंट लगने से घटनास्थल पर ही राजकुमारी वर्मा की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम कराकर मर्ग कायम कर मामला विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार बिजली कंपनी में पदस्थ प्यून राजकुमारी वर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी छतरी रोड शिवपुरी को रविवार की सुबह करीब 9 से 9-30 बजे के बीच करंट लग गया। सूचना पर फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो घर में राजकुमारी की लाश पड़ी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि टुल्लू पंप के तार लगाते वक्त दूसरे तार के खुले हिस्से से राजकुमारी को करंट लग गया। राजकुमारी सुबह पुरानी शिवपुरी में मुंह बोले भाई को राखी बांधकर लौटी थी। फिजिकल थाना प्रभारी कृपालसिंह ने बताया कि मृतका की बेटी ग्वालियर से नहीं आ सकी, इसलिए मुंहबोले भाई को बुलाकर पीएम करवा दिया है। मृतका के पति व एक बेटी की कुछ साल पहले ही मौत हो चुकी थी। पति की जगह कंपनी मे राजकुमारी को अनुकंपा नियुक्ति मिल गई थी।अपनी वृद्ध सास के संग राजकुमारी शिवपुरी में रह रही थी।

### दूरसंचार वाहिनी, आईटीबीपी में मनाया गया रक्षा बंधन



**शिवपुरी।** दूरसंचार वाहिनी शिवपुरी में रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में राष्ट्र सेविका समिति शिवपुरी की जिला कार्यवाहिका स्नेहदीप सिंघल के नेतृत्व में शिवपुरी नगर की महिलाओं ने दूरसंचार वाहिनी आईटीबीपी के जवानों को कैम्प परिसर में राखी बांधी और देश के प्रति हिमवीर जवानों के समपर्ण की सराहना की। इस अवसर पर राजीव लोचन शुक्ल, उपमहानिरीक्षक ने इस कार्यक्रम में उपस्थित बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में विभिन्न प्रकार के पर्व हैं। प्रत्येक पर्व का अपना अलग महत्व है। जो हमारे सांसारिक जीवन संबंधों में नये उत्साह को भरने के लिए बनाये गये हैं। रक्षा बंधन का पर्व भाई-बहन के बीच अटूट स्नेह को बनाये रखने का प्रतीक है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आईटीबीपी के जवान न केवल देश की रक्षा करने में तत्पर है बल्कि दैवीय आपदा के समय आपदा प्रबंधन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। अंत में राष्ट्र सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका श्रीमती स्नेहदीप सिंघल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया और आहवान् किया कि सभी व्यक्ति राष्ट्र एवं समाज के प्रति समपर्ण भाव से निरतंर प्रगतिशील रहें।

# शव को चारपाई पर रखकर पोस्टमॉर्टम के लिए गाड़ी तक ले जाते ग्रामीण

### तालाब में डूबने से युवक की मौत रास्ते में पानी भरा तो गाड़ी छोड़ी,जूते हाथ में लटकाकर गांव पहुंची पुलिस

शिवपुरी।

शिवपुरी जिले के लिलवरा गांव में शव पोस्टमॉर्टम हाउस तक लाने के लिए पुलिस को हाथ में जूते लेकर गांव तक जाना पड़ा। शव को चारपाई पर रखकर ग्रामीणों की मदद से 1किलोमीटर तक लेकर आए। गांव के एक व्यक्ति की तालाब में डूब जाने से मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस गांव पहुंची, लेकिन रास्ते में पानी भरा होने की वजह से जीप नहीं जा पाई। रात होने की वजह से शव को चारपाई पर रखकर टॉर्च की रोशनी में जीप तक शव लाया गया। मामला जिले के लुकवासा के लिलवारा गांव का हैं जहाँ रविवार-सोमवार की रात को 45 वर्षीय रामकृष्ण रविवार को घर से निकले तो लौट कर वापस घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने जब उनकी तलाश की तो देर रात उनके कपड़े सिद्धपुर तालाब के पास पाए गए। परिजनों ने जब तालाब में उतरकर देखा तो रामकृष्ण का शव मिला, जिसे परिजनों ने रात में बाहर निकला।उसके बाद रात 11 बजे परिजनों ने पुलिस को मामले की सूचना दी तो पुलिस अपनी जीप से घटना स्थल की ओर रवाना हुई, लेकिन रास्ता खराब होने के कारण पुलिस को अपना वाहन रास्ते में ही छोड़ना पड़ा साथ ही अपने जूते उतार कर हाथ में लेकर मौके पर पहुंची। लाश बरामद कर शव को चारपाई पर रख कर ग्रामीणों और परिजनों की सहायता से करीब एक किमी से अधिक का सफर तय करना पड़ा। यह सफर लाठी और टॉर्च की सहायता से तय किया गया, क्योंकि रास्ते में बड़े और गहरे गड्ढे और लाइट नहीं होने के कारण लाठी और टॉर्च की मदद ली गई।





### दस्तावेजों में मरम्मत पर खर्च

पंचायत ने रास्ते को दुरुस्त कराने के नाम पर दस्तावेजों में खर्च भी किया है, लेकिन असल में अभी तक रास्तों के हालात सुधर नहीं सका है। लुकवासा से लिलवारा जाने के लिए सैकड़ों ग्रामीण प्रतिदिन इस रास्ते से ही आते-जाते है। लुकवासा चौकी प्रभारी विजय खत्री ने बताया कि देखने में तो यही लग रहा है कि मृतक नहाने के लिए तालाब में उतरा होगा। लाश चारपाई पर इसलिए लानी पड़ी, क्योंकि घटना स्थल तक जीप का पहुंच नहीं सकती थी। गाड़ी को बीच रस्ते में छोड़कर और जूते-मोजे तक उतारकर घटना स्थल तक जाना पड़ा, क्योंकि पूरे रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे पानी से भरे हुए थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने जिला चिकित्सालय शिवपुरी में भर्ती रोगियों से बात-चीत कर जाना हालचाल



शिवपुरी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सोमवार को जिला चिकित्सालय शिवपुरी के विभिन्न वार्डों में भर्ती रोगियों से मोबाईल पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात की और उनका हालचाल जाना। मरीड़ों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने जब जिला चिकित्सालय के मैटरनिटी एचडीयू वार्ड में भर्ती फतेहपुर निवासी श्रीमती प्रिया राजावत से उनका हालचाल जाना तब प्रिया ने बताया कि वह जिला चिकित्सालय में 19 अगस्त को प्रसव पीडा के साथ भर्ती हुईं थी, उनका उसी दिन सीजेरियन ऑपरेशन के साथ बेटा हुआ। अभी अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनकी पूर्ण देखरेख की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ग्राम टोडा पिछोर निवासी मरीज श्रीमती सोनल लोधी पत्नि अरविन्द्र लोधी से चर्चा की। श्रीमती सोनल ने बताया



कि वह 108 वाहन द्वारा जिला चिकित्सालय में प्रसव हेतु आई थी, अस्तपाल में समस्त सेवायें निःशुल्क है तथा उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। मंत्री डॉ.चौधरी द्वारा जननी सुरक्षा योजना तथा प्रसूति सहायता योजना के तहत दी जाने वाली राशि 1400 तथा 10600 की राशि के बारे मे जानकारी ली गई। वीडियो कॉल के संमय डॉ. मोना गुप्ता,एचडीयू प्रभारी, डॉ. सुनील कुमार आरएमओ एवं मैटरनिटी विंग नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध था। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मेडीकल एचडीयू वार्ड में भर्ती मरीज हक्के जाटव पुत्र खेमचंद जाटव निवासी पुरानी शिवपुरी, मरीज रमेश रजक पुत्र मुकुन्दी रजक निवासी खरई तहसील खानियाघाना,अशिक खॉन पुत्र स्व.नूर मोहम्मद निवासी फतेहपुर, लालमाटी से भी चर्चा की गई। सिविल सर्जन डॉ ऋषीश्वर ने ऑक्सीजन प्लांट स्थापना संबंधी जानकारी एवं नवीन पीआईसीयू तथा 130 ऑक्सीजन पांइट के बारे में जानकारी दी। कोरोना की तीसरी लहर से निपटने हेतु आगामी कार्यवाही से अवगत कराया। चर्चा के दौरान डॉ. दिनेश राजपूत, आरएमओ, सुश्री अफसा सिद्धिकी प्रभारी एचडीयू वांर्ड में उपस्थित थी।

## वैक्सीन की प्रथम डोज आंशिक सुरक्षा, दूसरी डोज मतलब पूरी सुरक्षा

**शिवपुरी।** कोरोना महामारी के विरूद्ध पूरी तरह से रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए वैक्सीनेशन काफी कारगर साबित हो रहा है। वैज्ञानिक तथ्य भी यही कहते हैं कि वैक्सीन की दोनों डोज समय पर लग जाने से व्यक्ति के कोरोना संक्रमित होने की संभावना 93 प्रतिशत तक घट जाती है। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों की मृत्यु की संभावना भी नगण्य हो जाती है। प्रदेशवासियों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिये संवेदनशील राज्य सरकार लक्षित समूह को वैक्सीन का सुरक्षा कवच देने के लिए कटिबद्ध है। वैक्सीनेशन का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर 25 एवं 26 अगस्त को दो दिवसीय टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा।कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर ने विश्व के अधिकांश देशों को अपनी चपेट में ले लिया था। कोरोना काल में अनेकों ने अपनी जान भी गंवाई। कोरोना के साथ लड़ाई में भारत ने कम समय में स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर एक अनूठा उदाहरण पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत किया। वैक्सीन का निर्माण जितनी तेजी से किया गया, उतनी ही रफ्तार से प्रदेशों में वैक्सीन पहुँचाई भी गई। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने ÷सबको वैक्सीन-निःशुल्क वैक्सीन÷ मंत्र देकर वैक्सीन तक सभी की पहुँच सुनिश्चित की। वैक्सीन की उपलब्धता के साथ उसके उपयोग में मध्यप्रदेश पूरे राष्ट्र में अग्रणी रहा।

**वैक्सीन के द्वितीय डोज का महत्व**

कोरोना महामारी से बचाव के तौर पर रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए कोविड-19 के दोनों डोज लगवाना अत्यन्त आवश्यक है। कोविड-19 टीके का प्रथम डोज मनाव शरीर में आंशिक सुरक्षा प्रदान करता है, जिसके लगने के बाद भी संक्रमित होने का खतरा बना रहता है। वैक्सीन का द्वितीय डोज समयावधि में लगवाने से वैक्सीन की एफिकेसी सर्वाधिक रहती है। प्रदेश में अभी दो प्रकार की वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन लगाई जा रही है चिकित्सकीय एवं वैज्ञानिक आधार पर कोविशील्ड वैक्सीन की प्रथम डोज लेने के 84 दिन बाद द्वितीय डोज और कोवैक्सीन की प्रथम डोज लेने के 28 दिन बाद द्वितीय डोज लेना जरूरी है। वैक्सीन की द्वितीय डोज लगने के 2 से 3 सप्ताह बाद ही शरीर में कोरोना बीमारी के विरूद्ध प्रतिरोधक क्षमता पूर्ण रूप से विकसित होती है। साथ ही शरीर एक से अधिक प्रकार की एंटीबॉडी तैयार करता है जो कोरोना और उसके अन्य वेरिएंट के विरूद्ध बचाव करने में सहायक होती है।

**महाअभियान को सफल बनाने जन-भागीदारी भी जरूरी**

कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीनेशन सिर्फ सरकार की ही नहीं, समाज की जिम्मेदारी भी है। हर नागरिक को स्व-प्रेरणा से आगे आकर सरकार द्वारा दिए जा रहे वक्सीन के सुरक्षा कवच को अपनाना होगा। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन के लिए चलाए गए प्रथम टीकाकरण महाअभियान में राष्ट्रीय स्तर पर जो सफलता मिली, उसमें जन-भागीदारी की महत्ता को नकारा नहीं जा सकता है।

प्रदेश में वैक्सीनेशन महाअभियान का दूसरा चरण 25 एवं 26 अगस्त को होने जा रहा है। प्रथम महाअभियान की तरह इस महाअभियान में भी राज्य सरकार के प्रयासों के साथ जनता की भागीदारी भी बहुत जरूरी होगी।

**वैक्सीनेशन के बाद भी सजग और सर्तक रहना है जरूरी:** यूं तो वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगवा लेने के बाद काफी हद तक कोरोना संक्रमण का प्रभाव कम हो जाता है। इसके बावजूद भी सजग और सर्तक रहने की आवश्यकता है। कोरोना वायरस के प्रति अनुकूल व्यवहार को अपनाते रहना होगा।

# पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने राखी के त्यौहार पर बाढ़ पीड़ितों को दी आर्थिक सहायता

भिण्ड। जिले में सिंध की बाढ़ ने ऐसी तबाही मचाई कि कई परिवार बेघर हो गए। लोगों के पास न छत बची और ना ही बिछौना। ऐसे परिवारों के लिए तीज-त्योहार सब कुछ फीके हो गए। इन परिवारों के चेहरे मायूस है। सरकार की ओर से मदद की आस लगाए इन गरीबों की आंखें थक चुकी है। ऐसे परिवारों के बीच प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह पहुंचे। उन लोगों के बीच पहुंचकर त्योहार की खुशियां बांटी। डॉ गोविंद सिंह ने ऐसे परिवारों की महिला, पुरूषों को एक-एक हजार की आर्थिक सहायता देकर त्योहार मनाने में मदद की।



उल्लेखनीय है कि बीते 3 अगस्त से 5 अगस्त तक सिंध की बाढ़ ने भिंड जिले के 67 गांव में तबाही मचाई है। इन गांव में सैकंडों परिवार बेघर है। इन परिवारों की पुख्ता जानकारी तक अब तक प्रदेश सरकार सार्वजनिक नहीं कर सकी। वहीं, ऐसे परिवारों को आर्थिक मदद के नाम पर 50 किलो आटा और 5 किलो आलू ही मिल सका है। उजड़ चुके परिवारों को अब सिर ढकने के लिए घर की तलाश है। परंतु सरकारी मदद न मिलने से बेघर पॉलिथिन के नीचे परिवार को समेट कर दिन गुजार रहे हैं।

### विधायक निधि से आर्थिक सहायता

पूर्व मंत्री व लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह रविवार को रक्षा बंधन का त्योहार मनाने के लिए ग्राम पर्रायच गांव पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ से बर्बाद हुए परिवारों की सुध ली। यहां, इन परिवार के सदस्यों को तत्काल पूर्व मंत्री ने 1-1 हजार की आर्थिक सहायता दी। इसके अलावा इन बाढ़ पीड़ित परिवारों को विधायक निधि से पांच-पांच हजार रुपए देने की घोषणा की।

### सीएम के न आने से आक्रोश

जल संसाधन विभाग द्वारा डैम का पानी एक साथ छोड़े जाने से इन गांव में पानी आया है जिससे सैकंडों लोग बेघर हो चुके है। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन बाढ़ पीड़ितों की मदद की घोषणा की है। अब तक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दो बार जिले में आने का प्रोग्राम आया है। दोनों बार प्रशासनिक अफसरों द्वारा तैयारी की गई। अब तक दोनों बार सीएम का कार्यक्रम निरस्त होने से भिंड जिले के बाढ़ पीड़ितों में आक्रोश पनप रहा है। इधर, लहार विधान सभा में क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री द्वारा इन बाढ़ पीड़ितों की लगातार मदद की जा रही है।

## दस हजार का ईनामी अंतर्राज्यीय चोर नकबजन लुटेरा गिरफ्तार



भिण्ड। धरपकड अभियान के तहत बीते सोमवार को मुखविर की सूचना पर गोरमी, मेहगांव की टीम ने दस हजार का ईनामी राजा भैया उर्फ पहलवान पुत्र जबरसिंह उम्र 46 वर्ष ग्राम आलोरी थाना गोहद जिला भिण्ड को पिपहाड़ी हेट से गिरफ्तार किया। पुलिस को उसके कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल व 32 बोर के जिंदा 5 कारतूस बरामद किये गये। बदमाश थाना मेहगांव के अपराध क्रमांक 262/19 धारा 457, 380 भादवि अप क्रमांक 89/20 457, 380 भादवि अप.क्रं.151/20 धारा 399, 400, 402 11/13 एमपीडीपीके एक्ट 25/27 आर्म्स एक्ट में फरार चल रहा था। शासन द्वारा बदमाश की गिरफ्तारी पर दस हजार का ईनाम घोषित किया गया था। बदमाश के विरुद्ध जिला दतिया, मुरैना, श्योपुर, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, भिण्ड तथा उ.प्र. में करीबन 43 अपराध नकबजनी, लूट, डकैती के पंजीबद्ध है। बदमाश में अन्य अपराध के सबंध में पूछताछ की जा रही है। कई अपराध खुलासा होने की संभावना है। इनकी रही भूमिका थाना प्रभारी गोरमी सुरेश शर्मा, उनि0 सुनील सिकरवार, उनि. वैभव तोमर कार्य. सुउनि सुरेश शुक्ला कार्य प्रआर. 1007 कौशलेन्द्र सिंह, कार्य प्रआर. 295 मनीष, आर 704 मुनेश सिंह, आर 1127 राजेश, आर. 964 आर. 319 सौरभ शर्मा, आर. 785 पंकज शुक्ला, आर. 293 शेरसिंह, आर. 245 अजय, आर. चालक 1098 अमृत सिंह आदि की है।

## महाअभियान में 25 अगस्त को कोरोना वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज तथा 26 अगस्त को केवल दूसरा डोज निर्धारित केन्द्रों पर लगाया जाएगा

भिण्ड । भिण्ड जिले के सभी विकास खण्डों में दो दिवसीय वेक्सीनेशन महाअभियान में 25 अगस्त को कोरोना वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज तथा 26 अगस्त 2021 को केवल दूसरा डोज निर्धारित केन्द्रों पर लगाया जाएगा। 25 अगस्त 2021 को कोरोना वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज लगेगा तथा उन्हीं केन्द्रों पर 26 अगस्त 2021 को केवल दूसरा डोज ही लगाया जाएगा। जिसके तहत भिण्ड अर्बन अन्तर्गत आई वार्ड जिला अस्पताल, विक्रमपुरा यूपीएचसी सिविल डिस्पेसरी, भवानीपुरा यूपीएचसी, विकास खण्ड गोहद अन्तर्गत एण्डोरी, ऐनो, बाराहेड, बिरखडी, गिरगांव, गोहद सीएचसी, गुहींसर, झांकरी, खनेता, मालनपुर पीएचसी, मौ सीएचसी, पुरानी नगर पालिका परिसर मौ, रसनोल, रतवा, शेरपुर, फूप अन्तर्गत अकोडा, भदाकुर, बिलाव, बिरधनपुरा, फूप सीएचसी, उमरी पीएचसी, जामना, नुन्हाटा, बरही, अटेर अन्तर्गत बरोही, ऐतहार, शासकीय अस्पताल अटेर, शासकीय अस्पताल सुरपुरा, जवासा, कनेरा, लावन, मसूरी, मुरावली, परा, पिथनपुरा, प्रतापपुरा, पुर, रमा, सकराया, उदोतपुरा, लहार अन्तर्गत असवार, बडापुरा, बरहा, बिजोरा, भीकमपुरा, गांगेपुरा, गेथरी, शा.हायर सेकेण्डरी स्कूल लहार, शासकीय अस्पताल आलमपुर, शासकीय अस्पताल दबोह, शासकीय अस्पताल लहार, ज्ञानपुरा, जाखोली, काथा, रहावली उवारी, ररी, ररूआ, रूरई, सुन्दरपुरा, मेहगांव अन्तर्गत कतरोल, सायना, अडोखर, अजनोधा, अमायन, बरहद, शासकीय कन्या स्कूल मेहगांव, गोरमी, शासकीय अस्पताल मेहगांव, हरीक्षा, कचनावकला, कनाथर, कृपेकापुरा, कुटरोली, मानहड, परोसा, सिकरोदा, सोनी, सुनारपुरा, भारोली, रौन अन्तर्गत बिस्वारी, चांदोख, चंदोखर, गोरई, मछ्ण्ड पीएचसी, मिहोना पीएचसी, रौन सीएचसी, जैतपुरा गुढा, मानगढ, मसेरन एवं रायपुरा में वैक्सीनेशन का टीका लगाया जाएगा।

## प्रदेश की भाजपा सरकार जनविरोधी : बालेंदु शुक्ला

### जिला कांग्रेस संगठन की बैठक सम्पन्न

भिण्ड। जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बालेंदु शुक्ला आए। उन्होंने जिले के कांग्रेस संगठन की बैठक ली। जिले के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ता से बारी-बारी से चर्चा की और नगरीय निकाय से लेकर पंचायत चुनाव जीतने की रणनीति बनाई। इस बैठक के बाद पूर्व मंत्री शुक्ला ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए और कहा कि मेरे परम मित्र माधव राव सिंधिया के बच्चे ज्योतिरादित्य सिंधिया की वजह से कांग्रेस की सरकार गई। उन्होंने अपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए कांग्रेस के साथ धोखा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि ज्योतिरादित्य कहते थे कि कांग्रेस पार्टी में मेरी कोई सुन नहीं रहा था, इसलिए छोड़ी है पार्टी जबकि यह बात सब जानते है कि राहुल गांधी उन्हें अपना परम मित्र बताते और वो ही एक ऐसे मात्र नेता थे जो सोनिया गांधी के घर बिना रोक टोक आते जाते थे। आज सब कुछ बदल गया है। जब मैं बीजेपी में था तब मैं, कमल माखीजानी और अन्य नेताओं के साथ कलेक्ट्रेट पर सिंधिया के खिलाफ ज्ञापन देने गए थे। उस समय सब ने मिलकर नारे लगाए थे कि ग्वालियर का सबसे बड़ा भू माफिया, ज्योतिरादित्य सिंधिया। आज बीजेपी के वो नेता उन्हीं ज्योतिरादित्य सिंधिया के पीछे चल रहे है। सिंधिया के बीजेपी में आने से दूसरों नेता, जो कि 20-30 साल से पार्टी के लिए समर्पित होकर काम कर रहे थे उनका कद छोटा कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुरैना और श्योपुर जिले में ही प्रभारी है। बांकी जिलों में ज्योतिरादित्य सिंधिया के चहेते चेहरों को प्रभारी बनाया गया है। उनके लोगों को पार्टी में ऊपर लाया जा रहा है। ऐसे में पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता दुःखी और पीड़ित है। इस बैठक में कांग्रेस के पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह, पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला का मेंहगांव में हुआ स्वागत

मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन बालेन्दु शुक्ला भिंड जिला कांग्रेस के प्रभारी बनने पर प्रथम बार भिंड आगमन हुआ मेहगांव पहुंचे तो मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रामहरी शर्मा एडवोकेट सुरेश सिंह अजीता की अगुवाई में पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला का सूत की माला पहनाकर स्वागत किया स्वागत इस दौरान पूर्व मंत्री शुक्ला ने कहा कि आज प्रदेश की भाजपा सरकार जनविरोधी है तथा प्रदेश के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यो को करने में असफल है इसी क्रम में कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री रामहरी शर्मा ने बाढ़ से आई आपदा में प्रशासन और पीड़ितों को सहायता मुहैया करावे महासचिव सुरेश सिंह अजीता भाजपा सरकार को धोखे वाली सरकार बताया इस अवसर पर रमेश कांकर,इलियास खान सुरेश राजोरिया, लालू सिंह अमायन, पवन राजोरिया, अशोक दीक्षित, नरेश कन्हैया नंद किशोर राठौर, बंटी गुर्जर, इरशाद खान इत्यादि जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कर्मचारी संघ के पूर्व उपप्रांत अध्यक्ष कांग्रेस में हुए शामिल

म.प्र.न्यायिक कर्मचारी संघ के पूर्व उपप्रांत अध्यक्ष विजय शर्मा, (दैपुरिया) ने 35 साल न्यायिक सेवा करने के उपरांत आज जिला काँगरेश कार्यालय में म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला एवं पूर्व मंत्री डा.गोविंद सिंह व पूर्व मंत्री राकेश चौधरी की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने माल्यापर्ण कर विजय दैपुरिया स्वागत करते हुए सदस्यता गृहण कराई।

## राजेंद्र सिंह गुर्जर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नंदराम सिंह बघेल प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा के मनोनीत

भिण्ड। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श कर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने भिंड जिले से समाज का नेतृत्व कर रहे राजेंद्र सिंह गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बघेल समाज से ऊर्जावान लहार विधानसभा क्षेत्र से नेता नंदराम सिंह बघेल को प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त कर संगठन को गति प्रधान की है नियुक्त किए गए प्रदेश पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रदेश एवं संभाग नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस प्रगति में बताया गया है कि की राजेंद्र सिंह गुर्जर समाज के एक ऊर्जावान व्यक्ति है जिन्होंन विधानसभा उपचुनाव में समाज को संगठित कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया उन्हें किसान मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष पद की





जिम्मेदारी दिए जाने से किसान मोर्चा संगठन को गति मिलेगी, गुर्जर पूर्व में मेहगांव जनपद के अध्यक्ष भी रह कर उन्होंने क्षेत्र के विकास को भी गति दी। भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री नंदराम सिंह बघेल पार्टी के निष्ठावान जमीन से जुड़े कार्य करता है जिन्होंने अपने ग्राम पंचायत मनोरी सरपंच के पद पर रहकर ग्राम पंचायत के विकास के लिए कार्य किया और जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके सुख दुख में खड़े रहे पूरे जिले में ही नहीं प्रदेश में भी बघेल समाज में उनका वर्चस्व है। समाज के बीच हमेशा रहकर उन्होंने अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और न्याय दिलाने

## अमृत महोत्सव के तहत भाजयुमो ने निराश्रित वृद्ध जनों के बीच फलों का किया वितरण



भिण्ड। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे अमृत महा उत्सव के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भिंड शहर के निराश्रित भवन में पहुंचकर वहां के निवासरत गरीब परिवारों के वृद्ध जनों को फलों का वितरण किया सर्वप्रथम भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कांकर ने फल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत कर सभी लोगों को भुजरियों की शुभकामनाएं दी। फल वितरण कार्यक्रम में महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी, अतुल पाठक, मोनू नरवरिया, प्रतीक पांडे, गोपाल सोनी, अजीत शर्मा, पवन भारद्वाज, आलोक शुक्ला, अरविंद सिंह भदौरिया, अनुज चौहान, सोनू भदौरिया, रामू यादव, दीपेंद्र यादव

## दुकानदार को कंटेनर ने कुचला, मौत



भिण्ड। जिले के बरोही थाना क्षेत्र में एक दुकानदार को कंटेनर ने उस समय कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद कंटेनर चालक मौके से भाग खड़ा हुआ। पीछे से आ रहे एक डंपर भी कंटेनर से टकराया, जिसे डंपर चालक भी घायल हो गया। यह घटना देर रात की है।

बरोही थाना पुलिस के मुताबिक, ग्वालियर-इटावा हाइवे पर लाड़मपुरा गांव पर श्यामवरन पुत्र रामकिशन शर्मा की चाय की दुकान थी। रात के समय श्यामवरन दुकान से बाहर किसी काम के लिए निकला। तभी तेज रफ्तार आ रहे कंटेनर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रामवरन की मौत हो गई। हादसे के बाद कंटेनर चालक मौके पर ही वाहन को छोड़कर भाग निकला। इसी समय पीछे से आ रहा डंपर भी इस कंटेनर से भिड गया। पुलिस के मुताबिक डंपर चालक को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए भेजा गया। वहीं रामवरण के शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया।

### हादसे का हाइवे

ग्वालियर से भिंड इटावा हाइवे अब हादसों का हाइवे हो गया है। इस हाईवे पर हर रोज दो से तीन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। इस हाईवे पर हर रोज सड़क दुर्घटना के कारण एक से दो लोगों की मौत हो रही है। हाईवे पर हादसे होने का मुख्य कारण यह है कि हाइवे की चौड़ाई कम है। यानी चौदह मीटर है जबकि वाहनों की क्षमता अधिक है। यहां से ग्वाालियर झांसी, इंदौर, भोपाल समेत अन्य बड़े शहरों को जाने वाले वाहन निकलते है। इसी तरह से यूपी की ओर जाने वाले वाहन कानपुर, लखनऊ, औरैया, आगरा समेत कई बड़े शहरों के लिए आते जाते है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने परेड चौराहे पर मनाया भुजरिया मिलन समारोह



भिण्ड। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भिंड शहर के परेड चौराहे पर भुजरिया मिलन समारोह का आयोजन किया और एक दूसरे को हाथों में भुजरिया देकर उनसे गले मिले और उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कांकर ने कहा कि भुजरिया मिलन समारोह से हम समाज में भाईचारे का संदेश और देश में शांति असंध भावना का संदेश देना चाहते हम सब भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत को बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे भुजरिया हमारी भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान है। इस अवसर पर महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी वन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष अमित जैन युवा नेता सिद्धार्थ जैन, सूरज बरुआ, चक्रेश जैन, प्रतीक पांडे, अमित चौधरी, पवन भारद्वाज, अतुल पाठक, मोनू नरवरिया, अजीत शर्मा, आलोक शुक्ला, अरविंद भदौरिया अनुज चौहान, सोनू भदोरिया, गोपाल सोनी आदि लोग प्रमुख थे।

## भाजपा के कल्याण

यूपी के पूर्व सीएम कल्याण सिंह जबसे अस्पताल में भर्ती हुए थे, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री आए दिन उनका हालचाल लेने जाते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या फिर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दूसरे मंत्री-विधायक पूर्व सीएम की तबीयत के बारे में जानकारी लेते। यहां तक कि सीएम योगी आदित्यनाथ हर हफ्ते अस्पताल जाकर उनकी खैरियत पूछा करते थे। शनिवार को जब उनका निधन हुआ तो भाजपा के सभी नेताओं के साथ खुद पीएम मोदी भी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। यह बताने के लिए काफी है कल्याण सिंह के भाजपा और यूपी में क्या मायने थे। ऐसे वक्त में जब केंद्र से लेकर प्रदेश तक में पिछड़ा वर्ग को साधने की कोशिश चल रही है, तब कल्याण सिंह की अहमियत और भी बढ़ जाती है। कल्याण सिंह को मंडल-कमंडल की राजनीति का प्रयोग बताया जाता था। 90 के दशक में जब देशभर में मंडल की राजनीति तेज हुई तब जवाब में आरएसएस को यूपी में एक ऐसे चेहरे की तलाश थी जो उनके हिंदुत्व के रथ को हांकते हुए पिछड़ी जाति की राजनीति में भी खरा उतरे। संघ की यह खोज कल्याण सिंह पर जाकर पूरी हुई। कल्याण सिंह भाजपा के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बताए जाते हैं जो ओबीसी समाज से थे। कल्याण सिंह लोधी समुदाय से थे जिनकी आबादी सेंट्रल यूपी से पश्चिम यूपी तक फैली हुई है। पिछड़ों की आबादी में यादवों और कुर्मी के बाद तीसरे नंबर पर इस समाज की संख्या बताई जाती थी। भाजपा में सबसे पहले पिछड़ों की राजनीति के साथ हिंदुत्व का प्रतीक कल्याण सिंह ही थे। भाजपा में सर्वसमाज को हिस्सा बनाने के लिए उनका लंबा प्रयास चलता रहा। मैंने देखा है कि जब वह टिकट वितरण की सूची भेजते थे तो उसमें भी पिछड़ों को महत्व देते थे। 1986 से ही संघ परिवार ने एक ऐसे चेहरे की तलाश थी जो संपूर्ण हिंदुत्व के चेहरे को लेकर चल सके और वह सवर्ण चेहरा भी न हो। 90 के दौर की राजनीति में मुलायम सिंह को टक्कर देने वाले कोई था तो कल्याण सिंह ही थे। मुलायम की राजनीति को ब्रेक लगाने का काम कल्याण करते थे। 1991 में जब कल्याण सिंह सीएम बने तो वह पिछड़ों के और अधिक मजबूत चेहरा बन गए। पिछड़ों के प्रति प्रेम के चलते कल्याण सिंह का कई बार विरोध भी हुआ था। बताते हैं कि कल्याण सिंह ने एक बार तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सामने एक मीटिंग में कहा था, समाज में समानता और समरसता नहीं होगी तो आप हिंदू समाज की कल्पना नहीं कर सकते। आपका हिंदुत्व खोखला है फिर। यह कल्याण सिंह की राजनीति थी जिसका अक्स आज भाजपा की राजनीति में दिखता है। 2013 में जब अमित शाह जब यूपी के प्रभारी बने तो संगठन से लेकर सियासी रणनीति तक में कल्याण युग के फॉर्मूले का अक्स नजर आने लगा। पार्टी ने ओबीसी और हिंदुत्व की रणनीति को फिर से धार दी। संगठन का ढांचा भी बदला। पिछड़ों के भागीदारी संगठन में बढ़ी। ओबीसी, दलित और महिलाओं के लिए हर स्तर पर अलग से पद सृजित किए गए। 2017 के चुनाव में भी ध्रुवीकरणों के मुद्दों के साथ पिछड़ों को जोडने की सोशल इंजीनियरिंग संगठन के चेहरों के चयन लेकर चुनावी अभियान तक साफ दिखी। कल्याण सिंह ने प्रखर हिन्दूवादी नेता के तौर पर उस समय अपनी राजनीति की शुरुआत की थी, जब उत्तर प्रदेश से लेकर पूरे देश में कांग्रेस पार्टी का वर्चस्व था. जनसंघ से जनता पार्टी और फिर भारतीय जनता पार्टी के नेता के तौर पर वे विधायक और यूपी के मुख्यमंत्री भी बने, लेकिन राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने उनकी हिन्दूवादी नेता की छवि को तो धूमिल किया ही, राजनीति में उनके असमय ढलान का कारण भी बनी।

# अमेरिका और अफगानिस्तान......जीत या हार ?

**डॉ विश्वास चौहान**

अंतरराष्ट्रीय विचारक ,लेखक ,कूटनीति के जानकार अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना हटाने और तालिबानी शासन पुनः कायम होने पर अमेरिका की भूमिका का अपने अपने नजरिये से विश्लेषण कर रहे हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय विधि के प्रोफेसर की हैसियत से मैं आपको बताना चाहता हूं कि अफगानिस्तान में जो कुछ भी घट रहा है ,वह विधिवत अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर हुए समझौते के अनुसार ही किया जाना है ,समझौते का उल्लंघन अलग विषय है। विदित हो कि संयुक्त राज्य अमेरिका और तालिबान ने तीन महीने पहले कतर में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए और अफ़ग़ानिस्तान में 19 साल तक चले युद्ध को समाप्त करते हुए अफ़ग़ानिस्तान में मौजूद अलग-अलग राजनीतिक ताकतों के बीच बातचीत का रास्ता खोला। अमेरिकी विशेष दूत ज़ाल्मय खलीलज़ाद के साथ दो साल तक चली सुलह और समझौते संबंधी बातचीत के बाद, सभी पक्षों ने एक रुख अपनाते हुए, अफ़ग़ानिस्तान से अमेरिका की वापसी का मसौदा तैयार किया, विदित हो कि अमरीका के साथ अफगानिस्तान की अपदस्थ गनी सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे।

अफगानिस्तान के इतिहास का विश्लेषण कर कुछ विद्वान यह कह सकते है कि सोवियत यूनियन को भगाने के लिए अमेरिका ने ही तालिबान का सृजन किया था। ..लेकिन इस विषय पर मेरा प्रश्न यह है कि ÷क्या वहां के निवासी इतने ÷भोले÷ थे कि उन्होंने तालिबान के सृजन को स्वीकार कर लिया?÷ अगर कोई किसी को कुंआ में कूदने के लिए उकसाए, और अगर वो कूद जाए तो दोष किसका होगा? वास्तव के अंदर अमेरिका, 9/11 के सन्दर्भ में अफगानिस्तान में छुपे आतंकियों को निकालने ही गया था। जब वे आतंकी दड़बों में मार दिए गए, तो अमेरिका की उपस्थिति अफगानिस्तान में केवल सैन्य शक्ति प्रदर्शन तक सीमित रह गयी थी। विगत दिनों जब मैं ओबामा की एक किताब पढ़ रहा था , उसमे इस विषय पर भी तथ्य दिए गए हैं ,जिनके अनुसार राष्ट्रपति ओबामा के प्रशासन के समय जब बाइडेन उपराष्ट्रपति थे, तभी वे ओबामा को अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को बाहर निकालने के लिए कह रहे थे। ओबामा अपनी इस पुस्तक %ए प्रोमिज़्ड लैंड% ( क्क्रश्चद्वद्बह्यद्गस्र रुड्डठ्ठस्र) में लिखते है कि वर्ष 2009 में अफगानिस्तान पे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की व्हाइट हाउस में प्रथम मीटिंग के बाद जब ओबामा कांफ्रेंस रूम से अपने ऑफिस जाने के लिए सीढ़िया चढ़ रहे थे, तब बाइडेन तेजी से उनके पास आए और उनकी एक बांह पकड़कर कहा- ÷मेरी बात सुनिए, बॉस; आर्मी जनरल आप को फंसा रहे है (कि अफगानिस्तान में अधिक सेना भेजी जाए तथा सेना समस्या को सुलझा लेगी); आप उन्हें ऐसा मत करने दीजिए।

जहां तक अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प की बात है तो वे भी अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को वापस बुलाना चाहते थे। बाइडन को सेना वापसी की शुरुआती भूमिका उन्ही के कार्यकाल की तैयार मिली है। यह कार्य अंत में बाइडेन ने पूरा किया।

क्योंकि यह एक निर्विवाद सत्य है कि आज के युग में किसी भी राष्ट्र को बाहरी सैन्य शक्ति के द्वारा नहीं बनाया जा सकता। स्वयम राष्ट्र के लोग ही अपने राष्ट्र का पुनर्निर्माण या व्यवस्था परिवर्तन करते हैं।आज का अफगानिस्तान, सीरिया, यमन, इराक, लीबिया की घटनाएं यही सिद्ध करती है।

अगर कोई यह कहता है कि अमेरिका अफगानिस्तान से हारकर भाग गया ,जैसे कि अमेरिका वियतनाम से भागा था या बिल्कुल वैसे ही जैसे मुजाहिदीनो ने महाशक्ति रूस को भगा दिया था, तो वे अंधेरे के स्वर्गलोक में जी रहे हैं। उन लोगों से मेरा प्रश्न है कि क्या अमेरिका अफगानिस्तान पर कब्जा करने आया था ? क्या अमेरिका ने तालिबान का खात्मा करने की कसम उठाई थी ? वास्तव में अमेरिका ने इस विषय पर कोई वादा या बयान कभी नही दिया है।

अमेरिका अग्गानिस्तान में आया था ,ओसामा बिन लादेन की खोज में जो कि पहले तो वहां की टोरा बोरा गुफाओं मे छुपा रहा , अमेरिकी सेना ने उसे खोजने के लिए तथ्या ओसामा के सहयोगी तालिबानों को मार कर (एक आंख वाले मौलाना उमर सहित) पूरे तालिबानी इलाको को नष्ट किया ,जबकि वो जानता था कि ओसामा पाकिस्तान में छुपा है।

फिर एक दिन उसकी सील टीम -6 पाकिस्तान में आई ,और आपरेशन जेरेनिमो के जरिये ओसामा बिन लादेन को उसने ठिकाने लगाया।कोई नही जानता कि उसे मार दिया , कूट दिया , समुद्र मे फैंका , या फिर किसी अमेरिकी जेल मे सीआइए और एफबीआई के लोग उस पर थर्ड डिग्री आजमा रहे हैं इसलिए अगर किसी को लगता है अमेरिका ने तालिबान से मुक्ति दिलाने के लिए अफगानिस्तान मे अवतार लिया था , तो उनको ये गलत जानकारी है। अमेरिका को लादेन के बहाने पहले पूरे अफगानिस्तान में आतंकी ठिकाने नष्ट करने थे। जिसके लिए उनकी बडी कंपनियो ने पैसा उपलब्ध कराया था। फिर उसी टूटे फूटे मिट्टी का ढेर बन चुके अफगानिस्तान मे एक कठपुतली सरकार बैठाकर , सडक, पुल , बाँध, सेना , पुलिस , से लेकर हर ठेका अमेरिकी कंपनियो को देकर, उनको लागत पर बीस गुणा मुनाफा दिलवाना था अमेरिका का मकसद पूरा हुआ। उसने लादेन को निपटा लिया , अल कायदा का वजूद खत्म कर दिया। अंत मे शिया ईरान को साधने के लिए , उसे पडोस मे सुन्नी तालिबान की जरूरत थी। तो शांति प्रक्रिया के बहाने तालिबान को अमेरिका ने ही इसफिर से खडा किया, उनसे बातचीत करी। और समझौते मे उनके लिए सत्ता पर काबिज होने की राह साफ करके पल्ला झाडकर , अपना मकसद पूरा करके निकल लिया। इसलिए ÷अफगानिस्तान में अमेरिका की हार हुई÷ कहने वाले जियो -पॉलिटिक्स के विद्वानों से मेरा कहना है कि आपको सीआईए की ठीक से समझ नही है।

वे कोई भी कार्य अध्ययन और शौध के बाद पूरी तैयारी से करते हैं।

अमेरिका ने आपरेशन एंडोयोरिंग फ्रीडम मे सीधे तौर पर अपनी फौजे नही उतारी थी ,बल्कि उसने ÷नॉर्दन अलायंस ÷ को पैसा और हथियार दिये थे। तालिबान को हटाकर अपनी कठपुतली सरकार बैठाने के लिए , उसने ताजिक जनरल अब्दुल रशीद दोस्तम , और अहमद शाह मसूद के कंधो पर रखकर बंदूक चलायी थी। कंधार मे मुल्ला उमर का सफाया किया। उसने इन दोनो का वैसा ही इस्तेमाल किया ,जैसे रूस के खिलाफ ÷गुलुबुद्दीन हिकमतयार÷ का किया था। 2002 मे पंजशीर का शेर बनाकर अहमद शाह मसूद का खात्मा खुद ष्ट्ठ ने ही कराया था। बाद मे काला झांगी घटना के बाद , ताजिक रशीद दोस्तम को ठंडा कर लिया। उसके बाद जनरल ÷राजिक÷ को निपटवाया। वस्तु स्तिथि यह है कि तालिबान अमेरिका के बगराम एयरबेस छोडने के बाद अफगानिस्तान पर हावी नही हो रहे है। वस्तुत इनकी सत्ता का रास्ता खुद अमेरिका तालिबानों से लिखित समझौते में बनाकर गया है।

मैं आज के एक समाचार पत्र (दैनिक भास्कर) में अफगानिस्तान पर लेख लिखने वाले कुछ विद्वानों को यह जानकारी देना चाहता हूं कि अमेरिका का ऑपरेशन एंडिंग फ्रीडम आधिकारिक तौर पर दिसम्बर 2014 मे ही समाप्त हो चुका था। अमेरिका ने मात्र 2428 जवान खोकर दो लाख से अधिक तालिबानी या अफगानी नागरिको की बलि ली है। अमेरिका अपना ओबजेक्टिव अचीव कर चुका है। तालिबान का खात्मा उसका आब्जेक्टिव था ही नही। वास्तव के अंदर तालिबान केवल एक नाम है , असल चेहरे है वहाँ के कबीलाई वार लॉर्ड ÷ जिनके कबीलो की निष्ठाऐं पैसे और पावर के लिए बदलती रहती है। पश्तून , ताजिक , उजबेग ,महसूद ,वजीरी और हजारा कबीले अब तक अमेरिकी सहायता पर ही पल रहे थे।

## सत्ता और नैतिकता

सत्ता के संचालन में शक्ति की अपेक्षा रहती है या नहीं, यह एक बड़ा प्रश्न है। शक्ति दो प्रकार की होती है- नैतिक शक्ति और उपकरण शक्ति। नैतिक शक्ति के बिना तो व्यक्ति सही ढंग से प्रशासन कर ही नहीं सकता। उपकरण शक्ति का जहां तक प्रश्न है, एक सीमा तक वह भी जरूरी है। किंतु वह शक्ति का एकमात्र तत्व नहीं है। उससे भी अधिक आवश्यक है- बुद्धि, विवेक, साहस और निर्णायक क्षमता। जिस शासक में ये चारो तत्व नहीं होते, वह सही रूप से सत्ता को संचालित नहीं कर सकता। एक शासक के पास बहुत बड़ी सेना हो, शस्त्रों का विशद भंडार हो; पर सही समझ न हो और समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता न हो तो शक्ति भी अहितकर बन जाती है। सामान्यतः राष्ट्रीय एवं सामाजिक सत्ता के संचालन में शक्ति तत्व अपेक्षित रहता है, पर वही सब कुछ नहीं है, परम तत्व नहीं है। अधिकारी व्यक्ति की चरित्रनिष्ठा, जागरूकता और जनता की सहानुभूति का योग होने से ही सत्ता के गलियारों को पार किया जा सकता है। किसी एक तत्व की कमी होते ही प्रशासक विवादों के घेरे में खड़ा हो जाता है। उस समय वह सत्ता का संचालन करता है या सत्ता के द्वारा संचालित होता है, कुछ कहना कठिन है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम और रावण का प्रसंग प्रसिद्ध है। रावण की सत्ता से संसार कांपता था, इधर राम वनवासी थे। उनके पास न वैसी सेना थी, न वैसा शास्त्रबल था। फिर भी उन्होंने रावण की सत्ता को चुनौती दे दी। रावण धराशायी हो गया, क्योंकि उसका चरित्रबल क्षीण हो गया, सूझबूझ समाप्त हो गई, सही निर्णय लेने की क्षमता चुक गई और उसने जनता की सहानुभूति खोकर गृह-कलह के बीज बो दिए। शक्ति के सहारे सत्ता का संचालन होता तो न रावण मारा जाता और न कौरवों को पराजय का मुंह देखना पड़ता। पिछली सदी तक भारत का शासन-सूत्र अंग्रेज संभाल रहे थे, शक्ति की उनके पास कमी नहीं थी। उनके सामने भारत छोड़ने की विवशता शक्ति की कमी से नहीं थी। ये प्रसंग प्रमाणित करते हैं कि प्रबुद्ध जनता केवल शक्ति के आधार पर शासित नहीं हो सकती।

## कहो तो कह दूँ / आवारा ही तो गर्दिश में भी आसमान का तारा रहता है

**चैतन्य भट्ट**

भारी विवाद छिड़ गया है बीजेपी और कांग्रेस के बीच में, और विवाद छिड़ना भी चाहिए क्योकि बात छोटी मोटी तो है नहीं, हुआ ये कि केंद्रीय रेल राज्य मंत्री बीजेपी नेता ÷राव साहेब दानवे ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी को कह दिया कि वे तो आवारा हैं और आवारगी कर रहे हैं, बस क्या था कांग्रेसी नेताओ को गुस्सा आना स्वाभाविक था सो उन्होंने फ़ौरन से पेश्तर मांग कर डाली कि राव साहेब को केंद्रीय मंत्री मंडल से बर्खास्त करो, वैसे कांग्रेस को मालूम है कि बीजेपी किसी को न तो मंत्री मंडल से निकालेगी न बर्खास्त करेगी, क्योकि अगर बीजेपी कांग्रेस की मांगो पर विचार करने लगती तो अभी तक आधे से ज्यादा मंत्री मंडल खाली हो जाता द्य कांग्रेसियों का गुसा स्वाभाविक है उनके सबसे बड़े नेता को आवारा कहा जा रहा है लेकिन अपना मानना है कि आवारा ही तो वो शब्द था जिस पर शो मेन राजकपूर ने पूरे तीन घंटे की फिलम बना डाली थी और वो फिलम ऐसी चली ऐसी चली कि दूसरी तमाम फ़िल्में उसके सामने धड़ाम हो गईं द्य विश्व प्रसिद्ध टाइम मैगजीन ने आवारा को विश्व की सौ बेहतरीन फिल्मों में से एक माना है आवारा बने राजकपूर को न केवल भारत में बल्कि सोवियत संघ ,पूर्व एशिया, चीन, बुल्गारिया, तुर्की और अफगानिस्तान में जबरदस्त प्रसिद्धि मिली द्यआज भी फ़िल्मी आलोचक आवारा को मील का पत्थर मानते हैं द्य आवारा शब्द कितना दमदार है उसका एक और उदाहरण है मशहूर लेखक शरत चंद चटर्जी के जीवन पर विष्णु प्रभाकर द्वारा लिखा गया उपन्यास आवारा मसीहा जिसे साहित्य अकादमी का पुरूस्कार भी मिला था द्य इधर अभी हाल ही में सलमान खान की आने वॉली फिल्म दबंग 3 का गाना आवारा रिलीज हो गया है जिसको भारी सफलता मिल रही है गायिका स्नेहा उपाध्याय का एल्बम आवारा हवा का झोंका भी इन दिनों भारी हिट है द्य अपने समाज में जो बेटा आवारा गर्दी करता था वो ही आखिर में बुढ़ापे में मां बाप की सेवा करने के काम आता था, जो बच्चे पढ़ लिख जाते थे वे नौकरी चाकरी करने बाहर चले जाते थे और जो बेटा आवारा घूमता था वो ही आखिर मेँ घर मेँ बचता था और जब मां बाप बूढ़े हो जाते थे तो वो और उसके आवारा दोस्त उनकी सेवा करते थे, भले ही मां बाप उसे आवारा गर्दी करने के लिए डांटते थे लेकिन बुढ़ापे में उन्हें पता चलता था कि जिस बेटे को वे आवारा कहते थे वो उनके कितने काम आ रहा है द्य आवारा और आवारगी दोनों कितने इंपॉर्टेंट वर्ड हैं इसका एक उदाहरण और भी है, मशहूर गायक गुलाम अली का एक एल्बम है आवारगी और उसकी गजल ये दिल ये पागल दिल मेरा क्यूँ बुझ गया आवारगी इस शहर में एक दस्त था वो क्या हुआ आवारगी सबसे ज्यादा लोकप्रिय गजलों में से एक है, इसलिए कांग्रेसियों को अपनी एक सलाह है कि इस बात का बुरा मत मानो , इस देश में मुंह चलाना सबसे आसान काम है जिस दिन मुंह चलाने पर और नेताओं की बयान बाजी पर टेक्स लगने लगेगा या इसे बेन कर दिया जाएगा इस देश की पचहत्तर फीसदी समस्यायें ख़त्म हो जाएगी लेकिन दिक्कत ये है कि नेताओ की रोजी रोटी ही मुंह चलाने के बल पर चल रही है एक बात अपन कांग्रेसियों को और बतलाये देते हैं कि भले ही कांग्रेस पार्टी की हालत ख़राब हो वो गर्दिश मेँ हो लेकिन जिन मंत्री जी ने राहुल गांधी को आवारा कहा है वे ये भूल गए कि आवारा ही गर्दिश में भी आसमान का तारा रहता है



### नेता जी की सलाह

जबलपुर से लगे हुए जिला कटनी के बीजेपी के जिला अध्यक्ष राम रतन पायल जी ने लोगों को बड़ी गजब की सलाह दे दी है, जब पत्रकारों ने उनसे मंहगाई और पेट्रोल के बढ़ते दामों के बारे में सवाल किया तो उनके मुखारबिंद से ये शब्द निकले जिनको मंहगाई ज्यादा लग रही हो, पेट्रोल के दाम ज्यादा लग रहे हों वे अफगानिस्तान चले जाए उधर पचास रुपया लीटर पेट्रोल मिलता है द्य कांग्रेसियों ने फिर हल्ला मचाना शुरू कर दिया द्य वैसे ये कोई नई बात तो है नहीं।

## क्यों भयभीत है भारतीय हिन्दू

### सूडोकु नवताल- 5811

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5810 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

**सनत जैन**

पिछले 7 वर्षों से भारत के प्रधानमंत्री हिन्दू सम्राट नरेन्द्र मोदी हैं। इन वर्षों में भारत के हिन्दुओं में जिस तरह का भय देखने को मिल रहा है वह इसके पहले नहीं था। स्वतंत्रता के बाद हिन्दू-मुसलमानों के बीच ऐसा कोई टकराव नहीं था, जिससे दोनों कौम भय एवं असुरक्षा महसूस करती हो। 2014 के बाद से जिस तरह देश में पानीपत की तीसरी लड़ाई, धारा 370 खत्म करने एनआरसी, श्मशान बनाम कब्रिस्तान, हिन्दू राष्ट्र में हिन्दू रहेगा। मुहिम चलने के बाद भी हिन्दू क्यों भयभीत है। इतिहास के मुर्दों को जिंदा करके बदला लेने की प्रवृत्ति ने हिन्दुओं और मुस्मिमों के बीच ध्रवीकरण की आधारशिला बनी। धुवीकरण के कारण वोटों की फसल में बदलाव आया। राजनीति के समीकरण बदले। जातीय समीकरण के स्थान पर हिन्दू%मुस्लिम के बीच हुए धुवीकरण ने सत्ता के सारे समीकरण बदल दिए। इस्लामिक आतंकवाद का भय हिन्दुओं के बीच फैलाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा गया। जिसके कारण हिन्दू समाज आज अपने ही देश में भयभीत दिख रहा है। पिछले 4 वर्षों में नोटबंदी, जीएसटी लागू करने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आने लगी थी। रही सही कसर कोरोना वायरस ने पूरी कर दी। पिछले डेढ़ वर्षों में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, अस्पतालों का महंगा इलाज, लाकडाउन के कारण बेरोजगारी, महंगाई इत्यादि ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। पिछले वर्षों में दिल्ली, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, म.प्र., राजस्थान,



झारखंड, बिहार, प. बंगाल इत्यादि राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। केन्द्र सरकार और भाजपा ने अपनी सारी ताकत साम-दाम, दंड-भेद के साथ चुनाव जीतने में लगा दी, किन्तु परिणाम अनुकूल नहीं रहे। पिछले 4 वर्षों में सत्ता के मद में मदमस्त नेताओं ने जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य पदार्थों की महंगाई ने आम आदमी के 2 टाइम का खाना सहज रुप से उपलब्ध हो, यह संभव नहीं हो पा रहा है। भाजपा के नेता इस महंगाई और बेरोजगारी को विकास के लिए जरुरी बताते हुए न्यायसंगत बनाने का प्रयास करते हैं। इससे जनता में नाराजगी है। हिन्दू-मुस्लिम को लेकर पिछले वर्षों में कतिपय संगठनों द्वारा जो मुहिम चलाई जा रही है, उससे जनता भयभीत है। बच्चों एवं परिवार की जरुरतों को पूरा नहीं कर पाने से जनता परेशान है। रोटी, कपड़ा मकान कभी लोगों की पहली प्राथमिकता होती थी। यह प्राथमिकता अब बदल गई है। पिछले 20 वर्षों में जिस तरह से आर्थिक एवं सामाजिक जरुरतों में परिवर्तन आया है। उसमें शिक्षा, खान-पान, परिवहन एवं अन्य खर्चे निम्न एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के कई गुना बढ़ गए हैं। आज पेट्रोल एवं रसोई गैस निम्न एवं मध्यम वगीय परिवार की पहली जरुरत है। बच्चों की शिक्षा और खान-पान का खर्च पिछले वर्षों में कई गुना बढ़ गया है। वर्तमान स्थिति में आम आदमी महंगाई एवं बेरोजगारी से निराश और नाराज है। जनता सड़कों पर आकर विरोध करने की स्थिति में नहीं है। विपक्षी दल कमजोर है। ट्रेड युनियनों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। सरकार के असंवेदनशील होने से यह गुस्सा अंदर ही अंदर जनता में बढ़ रहा है। भूखे भजन ना होय गोपाला की तर्ज पर हिन्दू-मुस्लिम का धुवीकरण सत्ता को बचाए रख पाएगा, इसमें संदेह है।

धारा 370 समाप्त होने के बाद कश्मीर घाटी में लगभग 50 हजार से ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती के बाद भी पिछले 2 वर्षों में हिन्दुओं ने घाटी में जाकर जमीन नहीं खरीदी। उद्योग धंधे शुरु नहीं कर पाए। काश्मीरी ब्राह्मण अपने घरों में नहीं जा पाए। केन्द्र शासित प्रदेश होने के बाद भी घाटी के पंडितों की घर वापसी हिन्दू मंदिरों को संवारने एवं पूजा-पाठ का कार्य भी शुरु नहीं हुआ। अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा होने के बाद यह माना जा रहा है कि हिन्दू-मुस्लिम ध्रुवीकरण भारत में बढ़ेगा। उ.प्र. का विधानसभा चुनाव एवं 2024 का लोकसभा चुनाव वर्तमान सत्ताधीश आसानी से जीत लेंगे सत्तारुण दल का यह सोचना अपनी जगह सच भी हो सकता है।

## अखंड भारत या अखंड आर्यावर्त्त ?

**वेदप्रताप वैदिक**

शिव सेना के सांसद संजय राउत का यह कहना काफी अजीब सा है कि नाथूराम गोडसे ने गांधी की बजाय जिन्ना को मार डाला होता तो भारत-विभाजन शायद रूक जाता लेकिन राउत भूल गए कि गांधीजी की हत्या विभाजन के ठीक साढ़े पाँच महिने बाद हुई थी। यदि भारत-विभाजन के पहले जिन्ना को मार दिया जाता तो खून-खराब कितना ज्यादा होता, इसकी कल्पना भी किसी को है या नहीं ? खून-खराबा तो होता ही और पाकिस्तान 1947 की बजाय उसके पहले ही बन जाता। लेकिन प्रधानमंत्री द्वारा 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रुप में मनाना भी आश्चर्यजनक है। 14 अगस्त तो पाकिस्तान का स्वाधीनता दिवस है, जैसे कि 15 अगस्त हमारा है। तो क्या इन दोनों दिवसों को हम विभीषिका-दिवस के तौर पर मनाएँ? पाकिस्तानी 15 अगस्त को और हम 14 अगस्त को! मेरे ख्याल से ये दोनों बातें गलत हैं। ये दोनों यदि विभीषिका दिवस हैं तो दोनों देशों के प्रधानमंत्री इन दिवसों पर एक-दूसरे को बधाई क्यों भेजते हैं? राउत ने मोदी से सवाल पूछा है कि आप यदि अखंड भारत चाहते हैं तो आप उसमें पाकिस्तान के मुसलमानों का क्या करेंगे ? इसमें बांग्लादेश के मुसलमानों को राउत क्यों भूल गए? सच्चाई तो यह है कि मालदीव और श्रीलंका के मुसलमान भी भारत के ही अंग थे। यदि अखंड भारत वह है, जिस पर अंग्रेजों का राज था तो इन पड़ौसी देशों को भी उसमें जोड़ना पड़ेगा लेकिन अंग्रेजों के भारत को अखंड भारत कहना तो हमारे प्राचीन इतिहास की उपेक्षा ही है। उसके अनुसार अखंड भारत नहीं, हमें आर्यावर्त्त की बात करना चाहिए, जिसका जिक्र हमें महावीर स्वामी, गौतम बुद्ध, महर्षि दयानंद के कथनों और पांडवों-कौरवों तथा सम्राट अशोक के साम्राज्यों में मिलता है। यह आर्यावर्त्त अराकान (म्यांमार) से खुरासान (ईरान) और त्रिविष्टुप (तिब्बत) से मालदीव तक फैला हुआ है। इसमें मध्य एशिया के पांचों गणतंत्र भी जोड़े जा सकते हैं। भारत को सिर्फ अंग्रेजों का 1947 का अखंड भारत ही खड़ा नहीं करना है बल्कि सदियों पुराना आर्यावर्त्त पुनर्जीवित करना है, जिसे आजकल 'दक्षेस' भी कहा जाता है। इस सारे दक्षिण और मध्य एशिया के क्षेत्र में यूरोप की तरह एक साझा बाजार, साझी संसद, साझी सरकार और साझा महासंघ बनाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। ऐसा महासंघ जो फ़िरकापरस्ती, जातिवाद, संकीर्ण राष्ट्रवाद, मजहबी उन्माद और तरह-तरह के भेदभावों से मुक्त हो। उसके लिए भारत आदर्श राष्ट्र है।

# बॉलीवुड से दूर रहकर भी काफी चर्चा में हैं एमी जैक्सन



एमी जैक्सन काफी समय से बॉलीवुड फिल्मों से दूर हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया के जरिए काफी सुर्खियों में रहती हैं. दरअसल, एमी इन दिनों अपने बेटे और फैमिली के साथ टाइम स्पेंड कर रही हैं. हालांकि वह वेकेशन पर या पार्टीज में जाती रहती हैं और इस दौरान की वह अपनी बोल्ड फोटोज शेयर करती रहती हैं. एमी लास्ट साल 2018 में फिल्म 2.0 में नजर आई थीं. इस फिल्म में एमी के साथ रजनीकांत और अक्षय कुमार लीड रल में थे. इसके बाद से एमी फिल्मों से गायब हैं और ना ही उन्होंने अभी तक अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर कोई अनाउंसमेंट की है. उन्होंने 2008 में मिस टीन वर्ल्ड व 2009 में मिस लिवरपूल जीता। 2010 में वे मिस इंग्लैण्ड की दौड में थी परन्तु यह बाज़ी जेसिका लिनले ने अंतिम फेरी में मार ली। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2010 की सफल तमिल फ़िल्म मद्रासापत्तिनम से की जिसके लिए उन्हें कई सम्मानों से नवाज़ा गया। उन्होंने अपने बोलीवुड करियर की शुरुआत एक दीवाना था से की जिसे 17 फ़रवरी 2012 को रिलीज़ किया गया। मिस टीन लिवरपूल व मिस टीन ग्रेट ब्रिटेन का सोंदर्य पुरस्कार जितने के बाद उन्होंने मिस टीन वर्ल्ड का पुरस्कार 2008 में जीता। उन्होंने बॉस मॉडल मैनेजमेंट के साथ सौदे पर हस्ताक्षर किए व पूरे यूरोप में मोडेलिंग की।

## बड़े काम आ सकते हैं शैंपू से जुड़े ये हैक्स, जरूर आजमाकर देखें

आमतौर पर आपने शैंपू का इस्तेमाल सिर की गंदगी को दूर करने के लिए किया होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा अन्य कई कामों के लिए भी शैंपू का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप चाहें तो घर के अलग-अलग कामों के लिए और अन्य चीजों के विकल्प के रूप में शैंपू का इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज शैंपू से जुड़े ऐसे ही कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में जानते हैं।



### मेकअप ब्रश को करें साफ

मेकअप ब्रश से मेकअप करना तो आसान होता है, लेकिन इसके बाद ब्रश को साफ करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि शैंपू से आप इस काम को आसान बना सकते हैं। इसके लिए हल्के गर्म पानी में थोड़ा सा शैंपू मिलाएं और फिर मेकअप ब्रश को कुछ देर के लिए इस मिश्रण में भिगो दें। इसके बाद ब्रश को नल के नीचे पानी से धो लें। ऐसे ही आप अपने हेयर ब्रश यानि कंघी को भी साफ कर सकते हैं।

### बतौर शेविंग क्रीम करें इस्तेमाल

कई लोग शेविंग क्रीम खत्म होने पर साबुन का इस्तेमाल करने लगते हैं, लेकिन इसके बाद त्वचा रूखी लगने लगती है। इस काम के लिए शैंपू का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इससे त्वचा रूखी नहीं होती। इसकी मदद से ब्लेड से त्वचा के कटने का डर भी नहीं रहता। हालांकि ध्यान रखें कि शैंपू हाथों पर न लगा रहे वर्ना इस वजह से आपका रेजर फिसलेगा।

### नाजुक कपड़े अच्छे से धोएं

डिटर्जेंट पाउडर नाजुक कपड़ों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। इसके इस्तेमाल से नाजुक कपड़ों का रंग हल्का हो सकता है या फिर इसके कारण कपड़े के रेशे निकलने लगते हैं जिसके बाद कपड़े को पहनने का मन नहीं करता है। ऐसे कपड़ों को धोने के लिए शैंपू का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि यह आपके नाजुक कपड़ों को बिना किसी नुकसान के अच्छे से धो सकता है।

### जाम चेन को करें ठीक

अगर आपके किसी कपड़े या बैग की चेन जाम हो गई है तो इसे ठीक करने के लिए भी आप शैंपू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक इयरबड पर थोड़ा सा शैंपू डालें और इसे चेन के खराब हिस्से पर लगाकर कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। यकीनन ऐसा करने पर आपकी चेन जल्द ही फिर से पहले की तरह काम करने लगेगी।

# मलयालम फिल्म एंड्रॉइड कुंजप्पन वर्जन 5.25 की हिन्दी रीमेक में दिखेंगे अनिल कपूर



हाल के दिनों में दक्षिण भारतीय फिल्मों की हिन्दी रीमेक बनाने की होड़ सी लग गई है। वर्तमान में कई फिल्म निर्माता रीमेक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। अब इस कड़ी में एक और साउथ फिल्म का नाम जुड़ गया है। अब जानकारी सामने आ रही है कि मलयालम फिल्म एंड्रॉइड कुंजप्पन वर्जन 5.25 का हिन्दी रीमेक बनेगा। खबरों की मानें तो फिल्म के हिन्दी संस्करण में दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, एंड्रॉइड कुंजप्पन वर्जन 5.25 की हिन्दी रीमेक में अनिल नजर आ सकते हैं। यह साइंस फिक्शन पर आधारित एक कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म को तमिल में बनाया जा चुका है। इस फिल्म की तमिल रीमेक में केएस रविकुमार नजर आए थे। वहीं, फिल्म की तेलुगु रीमेक की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है। इसमें मोहन बाबू मुख्य भूमिका में दिखने वाले हैं। ऑरिजनल फिल्म का निर्देशन रथीश बालकृष्णन पोडुवल ने किया है। सूत्र ने बताया कि निर्माता विक्की रजानी ने फिल्म की हिन्दी रीमेक के अधिकार हासिल कर लिए हैं। विक्की ने इससे पहले टेबल नंबर 21, आर राजकुमार, मुन्ना माइकल जैसी चर्चित फिल्मों को बनाया है। फातिमा सना शेख अभिनीत अरुवी की हिन्दी रीमेक को लेकर भी विक्की चर्चा में हैं। सोनी पिक्चर्स इंडिया के साथ मिलकर विक्की फिल्म की हिन्दी रीमेक का निर्माण करेंगे। अभी फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम किया जा रहा है। फिल्म में अनिल पारंपरिक, रूढ़िवादी और छोटे शहर में रहने वाले ग्रामीण की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। ऑरिजनल फिल्म की कहानी एक बूढ़े आदमी के इर्दगिर्द घूमती है। उसका बेटा नौकरी करने के लिए रूस चला जाता है और अपने पिता का ध्यान रखने के लिए एक रोबोट छोड़कर जाता है। फिल्म में दिखाया गया है कि बूढ़े आदमी और रोबोट के बीच बॉन्डिंग बढ़ जाती है। फिल्म की हिन्दी रीमेक में अनिल सूरज वेंजारामुडु की भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने एक जिद्दी बूढ़े व्यक्ति का किरदार निभाया था। वह जिद्दी व्यक्ति नई तकनीक को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होता। ऑरिजनल फिल्म में सूरज और सौबिन शाहीर दिखे थे। अनिल के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कई फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। उन्हें फिल्म जुग जुग जियो में देखा जा सकता है। इस फिल्म में उनके साथ नीतू कपूर, वरुण धवन और कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। वह निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में दिखाई देंगे।

# अक्षय कुमार की 'बेलबॉटम' का बन सकता है सीक्वल, एक्टर ने खुद किया खुलासा

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की मशहूर फिल्म 'बेलबॉटम' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. जहां इस फिल्म को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. ऐसे में अब फिल्म के सीक्वल बनाए जाने की खबरें सामने आ रही हैं. बीते रोज फिल्म की टीम ने मीडिया के लिए एक खास स्क्रीनिंग का आयोजन किया था. जहां लंदन में मौजूद अक्षय कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए खुलकर मीडिया से बात चीत की. अपनी इस खास बात चीत के दौरान एक्टर ने इस फिल्म के सीक्वल को लेकर भी बात की है. अक्षय कुमार ने कहा, जी हां, जिस तरह से हमने अपनी इस फिल्म को खत्म किया है, उसके बाद इसका सीक्वल भी जरूर बनाया




जा सकता है. एक्टर ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अगर इस फिल्म के मेकर्स एक तगड़ी स्क्रिप्ट के साथ मुझे अप्रोच करते हैं तो मैं जरूर इस फिल्म के सीक्वल में काम करना चाहूंगा. वहीं अक्षय कुमार से जब पूछा गया कि इस फिल्म को रक्षा बंधन के पास रिलीज किया गया है, लेकिन फिल्म को स्वंत्रता दिवस पर रिलीज किया जाना चाहिए था. एक्टर ने इस सवाल के जवाब में बताया कि, ये मेरा नहीं फिल्म से निर्माताओं का फैसला था. अक्षय कुमार की इस फिल्म को बहुत पहले रिलीज होने था, लेकिन फिल्म की टीम इस फिल्म को सिनेमा में ही रिलीज करना चाहती थी. जिस वजह से सभी सिनेमाघर खुलने का पिछले कई दिनों से इंतजार कर रहे थे. आपको बता दें, इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा हुमा कुरैशी, वाणी कपूर, और लारा दत्ता भी मुख्य भूमिका में नजर आई हैं।

## वेब सीरीज हीरा मंडी में नजर आएंगी ऋचा चड्ढा



फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली ने इंडस्ट्री को कई ऐतिहासिक फिल्में दी हैं। वह हाल के दिनों में अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज हीरा मंडी को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। इस सीरीज से भंसाली डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रहे हैं। महिला केंद्रित इस सीरीज में बॉलीवुड की कई अभिनेत्री दिखने वाली हैं। अब खबर सामने आ रही है कि ऋचा चड्ढा भंसाली की हीरा मंडी में अहम भूमिका में नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट की मानें तो ऋचा को भंसाली की हीरा मंडी में शामिल कर लिया गया है। हाल के दिनों में उन्हें कई बार फिल्ममेकर भंसाली के ऑफिस के पास देखा गया था। इसके बाद कयास लगाए गए थे कि दोनों के बीच किसी प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है। आखिरी बार दोनों कलाकार 2013 में आई फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला के लिए साथ आए थे। फिल्म में ऋचा ने रसीला की भूमिका निभाई थी। एक सूत्र ने कहा, सुनने में आ रहा है कि भंसाली और ऋचा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर कई मुलाकातें की हैं। हाल में ऋचा को भंसाली के ऑफिस के पास स्पॉट किया गया था। मेकर्स एक साथ कई शानदार कलाकारों को कैमरे के आगे और पीछे लाते हैं, जिससे काम करने का रोमांच बढ़ जाता है। हीरा मंडी के पहले एपिसोड को भंसाली खुद डायरेक्ट करेंगे।

# पुराने टूथब्रश को न समझें बेकार, इन चीजों की सफाई के लिए करें इस्तेमाल



घर में ऐसी कई चीजें मौजूद होती हैं जिनका इस्तेमाल एक निश्चित समय तक ही किया जा सकता है और इसके बाद वह खराब हो जाती हैं। इन चीजों में से एक है टूथब्रश जो अगर खराब या फिर पुराना हो जाता है तो उसे फेंकने के अलावा और कोई विकल्प नहीं सूझता है। हालांकि अगर आप चाहें तो ऐसे टूथब्रश को फेंकने की बजाय इसका इस्तेमाल कुछ चीजों की सफाई के लिए कर सकते हैं।

### कंघी को करें साफ

लगातार इस्तेमाल के कारण कंघी में गंदगी जमा होने लगती है जिसे साफ करने के लिए कई लोगों को काफी मेहनत करनी पड़ती है। हालांकि आप चाहें तो अपने पुराने टूथब्रश से इस काम को मिनटों में कर सकते हैं। इसके पहले एक कटोरी में डिटर्जेंट पाउडर और हल्के गर्म पानी का घोल बनाएं, फिर कंघी को इसमें भिगोएं। अब टूथब्रश से कंघी को रगड़ें। इसके बाद साफ पानी से कंघी को धोएं और फिर सुखाकर इसका इस्तेमाल करें।

### ज्वैलरी को चमकाने में करें मदद

अगर आपको अपनी किसी भी तरह की ज्वैलरी को चमकाना है तो इसके लिए भी आप पुराने टूथब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले एक कप हल्के गर्म पानी में थोड़ा सा शैंपू अच्छे से मिलाएं, फिर इसमें पुराने टूथब्रश को भिगोकर इसे अपनी ज्वैलरी पर हल्के हाथों से रगड़ें। जब ज्वैलरी पूरी तरह से साफ हो जाएं, तब इसे पानी से धो कर साफ कर लें और फिर सूखे कपड़े से पोंछकर सुखा लें।


### जूतों को करें साफ

अक्सर जूतों पर मिट्टी लग जाती है और यह सोल में फंस जाती है जिसे आसानी से निकालने के लिए आप पुराने टूथब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा जूतों की ऊपरी सतह से धूल-मिट्टी हटाने के लिए भी टूथब्रश का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी के साथ जूतों को धोते समय इन्हें रगड़ने के लिए भी टूथब्रश का इस्तेमाल किया जा सकता है। यकीनन इसके बाद आपके जूते एकदम नए जैसे दिखेंगे।

### घर की टाइल्स और की-बोर्ड को करें साफ

घर की टाइल्स पर जमी गंदगी को साफ करने के लिए भी पुराने टूथब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले टाइल्स पर डिशवॉशिंग लिक्विड पानी में मिलाकर डालें और फिर टाइल्स पर पुराना टूथब्रश रगड़ें। इसके बाद पानी से टाइल्स को धोकर साफ करें। इसके अलावा आप चाहें तो अपने की-बोर्ड को साफ करने के लिए भी टूथब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। यकीन मानिए इससे की-बोर्ड की बारीकी से सफाई हो सकती है।

## धोनी रेस में मुझे हरा देंगे : जॉन अब्राहम



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बाइक के दिवाने हैं। धोनी को कई बार रांची की सड़कों पर बाइक चलाते देखा गया है। वहीं भारत में मोटोजीपी के ब्रैंड एम्बेसडर और बॉलिवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने कहा है कि धोनी उनसे अच्छी और तेज बाइक चलाते हैं, इसलिए मैं उनसे रेस में हार जाउंगा। जॉन बच्चों के लिए एक मोटरसाइकिल अकादमी भी शुरू करना चाहते हैं। उनके पास अपनी 16 बाइके हैं। इस अभिनेता से जब धोनी और उनके बीच रेस के बारे में पूछा गया तो जॉन ने कहा , वह (धोनी) इसे जीत जाएंगे। जॉन ने कहा कि धोनी खिलाड़ी होने के कारण बेहद साहसी हैं इसलिए मैं उनसे रेस नहीं कर सकता। मैं एक अभिनेता हूं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि वह बहुत अच्छे चालक हैं। धोनी के पास भी कई बाइकें हैं। उनके रांची स्थित फॉर्म हाउस में पुरानी से लेकर अत्याधुनिक बाइक्स हैं। धोनी की पहली बाइक राजदूत थी। धोनी के पास पुराने जमाने की बाइक से लेकर हाइपरस्पोर्ट बाइक्स तक हैं। धोनी की पसंदीदा बाइक्स में कावासाकी निंजा एच2 शामिल है। धोनी खाली समय में इस बाइक पर सवारी का आनंद उठाते हैं। इस बाइक में 998 सीसी, चार-सिलिंडर, सुपरचार्ज्ड इंजन है। धोनी के पास हार्ले-डेविडसन फैट बॉय जैसी बेहतरीन बाइक भी है।




## वन-टू-वन

### विप्र संवाद ने प्रेरणा वृद्ध आश्रम में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**विनोद पाठक ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर विप्र संवाद राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर रक्षा बंधन पर राजस्थान सवाई माधोपुर से श्योपुर पहुँचे, श्योपुर पहुँचने पर वो प्रेरणा वृद्ध आश्रम




पहुँचे वहाँ पर अनुराग तिवारी प्रदेश संयोजक विप्र संवाद की उपस्थिति में दिलीप शर्मा ,स्द्ध, विनोद पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष, विकलांग बल मध्यप्रदेश, धर्मेन्द्र शर्मा, विराज शर्मा, हेमंत गौतम, दिनेश साहू योग शिक्षक आदि सामाजिक जनो ने राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर का स्वागत किया स्वागत उपरांत सभी ने प्रेरणा वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग जनो को राखी बाँधकर, माल्यार्पण कर स्वल्पाहार वितरित कर आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर ने सभी बुजुर्गो का माल्यार्पण कर आशिर्वाद लिया राखी बंधवाई उपस्थित सभी सामाजिक जनो का आभार व्यक्त किया।

### विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत विभागीय बैठक शिवपुरी में हुई संपन्न




**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

पिछोर विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत विभागीय बैठक शिवपुरी में हुई संपन्न जिसमें 3 जिलों के उप अधिकारी मौजूद एवं उपस्थित रहे श्योपुर शिवपुरी पिछोर जिसमें मुख्य रूप से श्री पप्पू वर्मा जी प्रांत संगठन मंत्री श्री सुनील शर्मा जी प्रांत संगठन मंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष पवन शर्मा जी राकेश भट्ट जी श्री राजेंद्र जी श्री सत्येंद्र बिंदु जी एवं अन्य पद अधिकारी उपस्थित रहे जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई 3 जिलों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए कार्यक्रम में।

### डेढ़ लाख रुपए का मोबाइल फ़ोन को मारहरा पुलिस द्वारा 20 मिनट में बरामद कर किया



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**
**पुष्पांजली टुडे**

एटा। जनपद पीलीभीत से दरगाह शरीफ मारहरा जनपद एटा आये मशाजिद रजा खां पुत्र जरताब खां ने थाना मारहरा आकर सूचना दी कि दरगाह पर घूमते समय उनका मोबाइल फ़ोन द्वश्चद्धश्ठद्द11 श्चह्म्श द्वड्ड× जिसकी कीमत करीब 1.5 लाख रु0 है, कही गुम हो गया है। उक्त सूचना पर थाना कार्यालय और बीट आरक्षी अंकित कुमार सिंह द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए 20 मिनट में मोबाइल को बरामद कर सकुशल मशाजिद रजा खां वापस किया गया। मोबाइल वापस पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटी व थाना मारहरा पुलिस को इस त्वरित कार्रवाई के लिए दिया धन्यवाद।

### पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर संगठन की ली बैठकऋ



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड(ब्यूरो)**।मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला भिण्ड संगठन प्रभारी व पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला ने कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली।जिला संगठन प्रभारी ने बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए के लिए कहते हुए कहा कि कांग्रेस जिला, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ, की जिला, शहर, नगर कमेटियां और सेक्टर कमेटी के साथ ही बूथ लेबल पर कमेटियां बनाए ।कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ गोविन्द सिंह ने कहा कि संगठन को जहां जरूरत होगी वहां सहयोग करेंगे, पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह ने कहा कि पार्टी को बड़े पैमाने पर आंदोलन करना चाहिए और वह संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे , गोहद विधायक मेवाराम जटाव ने कहा कि संगठन के लिए हर समय मौजूद रहूंगा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि वह वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर निरन्तर जनहित में आंदोलन करेंगे , शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा, खिजर मोहम्मद कुरेशी,पूर्व जिलाध्यक्ष जय श्री राम बघेल,देवाशीष जरारिया ने अपनी अपनी राय दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई थी मौत ससुराल जन फरार

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़ /** आगरा जिले की थाना जगनेर की निवासी ग्राम चंदसोरा निवासी 30 वर्षीय राधा पत्नी टिंकू बघेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई महिला से मायके पछ के लोग को फोन पर सूचना मिली के राधा की मृत्यु हो गई है इस सूचना को सुनते ही आनंन फानन से मायके पछ के लोग भी पहुंच गए और स्थानीय पुलिस को सूचना दी विवाहिता की मौत की सूचना पर जगनेर पुलिस भी पहुंच गई विवाहिता का शरीर कमरा के बाहर जमीन पर पड़ा था उसके गले पर चोट के निशान थी पुलिस ने घटनास्थल पर मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया मिली जानकारी के मुताबिक 11 मई 2010 को पिपरेठा निवासी विजेंद्र ने अपनी पुत्री राधा की शादी चंदसोरा निवासी टिंकू पुत्र महावीर के साथ बड़ी धूम-धाम से कराई थी वही मृतका की मायके पच के लोग ससुराल जनों पर गला घोटकर मारने का आरोप लगा रहे हैं

राधा की शादी 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई बच्चा नहीं हुआ उसका पति टिंकू नोएडा में काम करता था अभी 3 दिन पूर्व नोएडा से घर आया था दूसरी तरफ महिला की मौत के बाद ससुर ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया वही पति सास ननंद सभी घर से फरार हो गए पुलिस के पहुंचने के बाद ही ससुर महावीर ने कमरा खोला और खुद को पुलिस की हवाले किया

विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जगनेर गहनता से



राधा की मौत की जांच पड़ताल में जुटी मृतिका के भाई सुनील ने सुबह किया था फोन मृतक के मायके पक्ष के लोग ने बताया कि मृतक के छोटे भाई सुनील की शादी बीते बरस दिसंबर में सेपऊ के राजस्थान के एक गांव में हुई थी रविवार यानी आज सुनील सोवकी ले जाने के लिए सुनील ने अपनी जीजा टिंकू से फोन करके दोनों को बुलाया जिस पर उसने बताया कि राधा की तबीयत खराब है और उसे वह डॉक्टर के पास दवा दिलाने ले जाएगा सुनील अपनी ससुराल जाते समय बहिन गांव के पास रास्ते में अपनी जीजा टिंकू को फिर से फोन किया और कहा दवा दिलाकर वापस आ गए हो तो आप हमारे साथ चलिए लेकिन टिंकू ने बताया की वह अभी डॉक्टर के पास है जीजा टिंकू की बात पर विश्वास करके वह ससुराल चला गया लेकिन थोड़ी देर बाद बहन की मौत की खबर मिलने पर लोट आया।

## विधायक एल.नागेंद्र के नेतृत्व में देवराज राजकीय पियू बालिका कॉलेज में टीकाकरण अभियान चलाया जिसमें बडी संख्या मे लोगों ने वेक्सिन के टीके लगाए

**पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सैणचा**

**मैसूरु.:-** चामराजा विधान सभा क्षेत्र के विधायक एल.नागेन्द्र के नेतृत्व में देवराज राजकीय पीयू बालिका कॉलेज में आज वैक्सीन टीकाकरण अभियान चलाया गया द्य जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने वैक्सीन के टीके लगवाये द्य विधायक एल.नागेन्द्र ने लोगों से वैक्सीन का टीका लगवाने की अपील करते हुए लोगों को मास्क वितरण कीया गया द्य आज चामराजा क्षेत्र में कई बूथो पर टीकाकरण किया गया द्य इस दौरान वार्ड संख्या 23 की पार्षद प्रमीला भरत,समाजसेवी कांतिलाल पटवारी,चामराजा क्षेत्र भाजपा अन्य भाषा प्रकोष्ठ के सचिव पृथ्वी सिंह चांदावत, कॉलेज प्राचार्य शिवे गौड़ा, शिक्षाविद विग्नेश्वर भट्ट, राजगोपाल,राजू देसानी,रविन्द्र कुमार, जनकसिंह भाटी, समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नर्सिंगकर्मी मौजूद रहे द्य



## कोरोना मुक्त भारत सपनों को साकार करने के लिए उत्साह पूर्वक लोगों ने लगवाई कोरोना वैक्सीन



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पाली। जिले में चल रहे कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत सोमवार को शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित कर कोविड़ वैक्सीनेशन किया गया। पाली ब्लॉक के रूपावास मनिहारी। खेरवा भावरी डरी साकडडा बोमाडडा वडेरावास गुन्दोज सोनाई माझी। गिरादडा। हेमावास लांबिया बाणियाबास रानी ब्लॉक के चाचोडी। जवाली खोड सहित विभिन्न स्थानों पर कोराना वैक्सीनेशन किया गया। कोराना टीकाकरण सत्र के दौरान लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा भारत माता की जय जयकारों के साथ उत्साह पूर्वक लोगों ने कोराना वैक्सीन के टीके लगवाएं। कोविड-19 टीकाकरण महा अभियान 2021 चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर नियमित अंतराल के अंतर्गत टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

### बाढ़ प्रभावितों को तत्काल मुआवजा दिया जाएः रामहरीशर्मा

## प्रदेश की भाजपा सरकार जनविरोधीः बालेंदुशुक्ला



**बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता**
**पुष्पांजली टुडे**

**पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला का मेंहगांव में हुआ स्वागत**

मेहगांव / मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन बालेन्दु शुक्ला भिंड जिला कांग्रेस के प्रभारी बनने पर प्रथम बार भिंड आगमन हुआ मेहगांव पहुंचे तो मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रामहरी शर्मा एडवोकेट सुरेश सिंह अजीता की अगुवाई में पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला का सूत की माला पहनाकर स्वागत किया स्वागत इस दौरान पूर्व मंत्री शुक्ला ने कहा कि आज प्रदेश की भाजपा सरकार जनविरोधी है तथा प्रदेश के विकास एव जनकल्याणकारी कार्यों को करने में असफल है इसी क्रम में कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए बाढ़ से आई आपदा में प्रशासन और पीड़ितों को सहायता मुहैया करावे महासचिव सुरेश सिंह अजीता भाजपा सरकार को धोखे वाली सरकार बताया इस अवसर पर रमेश कांकर,इलियास खान सुरेश राजोरिया, लालू सिंह अमायन, पवन राजोरिया, अशोक दीक्षित, नरेश कन्हैया नंद किशोर राठौर, बंटी गुर्जर, इरशाद खान इत्यादि जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे

## खराब सड़कों पर सियासतः पूर्व मंत्री बोले- दावा हेमा मालिनी के गाल की तरह बनाने का था और बना दिए अमरीश पुरी की तरह

**पुष्पांजली टुडे**
**भोपाल( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

मध्य प्रदेश में सड़कों पर गड्ढे को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने सड़क में गड्ढों को लेकर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। वहीं खराब सड़कों के लिए बीजेपी ने कांग्रेस की पुरानी नीति को जिम्मेदार ठहराया है। प्रदर्शन के दौरान सड़क ढूंढने वाले को सर्टिफिकेट दिया गया। पीसी शर्मा ने कहा कि हेमा मालनी के गाल की तरह सड़क बनाने का दावा किया था, अमरीश पुरी की गाल की तरह सड़क बना दी। अगर ये गड्ढे ठीक नहीं हुए तो जनता बीजेपी को गड्ढे में डाल देगी। सीएम ने 3 दिन का समय दिया था 3 दिन बाद भी गड्ढे नहीं



भरे। खराब सड़कों को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन करने पर विश्वास सारंग ने निशाना साधा है। उन्होने कहा है कि 'खराब सड़कों पर अगर कांग्रेस को प्रदर्शन करना है तो दिग्विजय सिंह के समय करना था। दिग्विजय सिंह के समय सड़कें नहीं बनी थी। हमने मध्य प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया। हमारे मुख्यमंत्री संवेदनशील हैं। सीएम ने सभी को डांट लगाई और सभी सड़कें ठीक हो गई हैं। बारिश के समय जो संधारण हुआ था उसमें कमी आयी थी अब ठीक कर ली गई हैं।' उधर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने खराब सड़कों के लिए कांग्रेस की पुरानी नीतियों को ही जिम्मेदार ठहरा दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मध्य प्रदेश की सड़कें शानदार होंगी। ऐसी सड़कें होंगी कि 100 की स्पीड पर गाड़ियां दौड़ेंगी। रामेश्वर शर्मा कांग्रेस पर भी जमकर बरसे और उन्होंने खराब सड़कों के लिए कांग्रेस की पुरानी नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। शर्मा ने कहा कांग्रेस पार्टी गड्ढे में जा चुकी है।

बता दें कि राजधानी की खराब सड़कों को लेकर सीएम शिवराज ने शनिवार को आला-अधिकारियों की मीटिंग ली थी। इस मीटिंग में खराब सड़कों को लेकर नाराजगी जताई थी।

# राजेंद्र सिंह गुर्जर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नंदराम सिंह बघेल प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा के मनोनीत

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श कर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने भिंड जिले से समाज का नेतृत्व कर रहे राजेंद्र सिंह गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बघेल समाज से ऊर्जावान लहार विधानसभा क्षेत्र से नेता नंदराम सिंह बघेल को प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त कर संगठन को गति प्रधान की है नियुक्त किए गए प्रदेश पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रदेश एवं संभाग नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया द्य

भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस प्रगति में बताया गया है कि की राजेंद्र सिंह गुर्जर समाज के एक ऊर्जावान व्यक्ति है जिन्होंन विधानसभा उपचुनाव में समाज को संगठित कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया उन्हें किसान मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिए जाने से किसान मोर्चा संगठन को गति मिलेगी, गुर्जर पूर्व में मेहगांव जनपद के अध्यक्ष भी रह कर उन्होंने क्षेत्र के विकास को भी गति दी 7

भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री नंदराम सिंह बघेल पार्टी के निष्ठावान जमीन से जुड़े कार्य करता है जिन्होंने अपने ग्राम पंचायत मनोरी सरपंच के पद पर रहकर ग्राम पंचायत के विकास के लिए कार्य किया और जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके सुख दुख में खड़े रहे पूरे जिले में ही नहीं प्रदेश में भी



बघेल समाज में उनका वर्चस्व है 7 समाज के बीच हमेशा रहकर उन्होंने अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और न्याय दिलाने के लिए कार्य किया उनको यह जिम्मेदारी मिलने से लहार क्षेत्र के लोगों में काफी सहानुभूति की लहर दौड़ गई है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों में राजेंद्र सिंह गुर्जर एवं नंदराम सिंह बघेल को बधाई देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया, नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में शिव शंकर समाधिया पूर्व विधायक, अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट, केशव सिंह कोक सिंह नरवरिया, वीरेंद्र सिंह राणा, संजीव कांकर मायाराम शर्मा एडवोकेट, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राममिलन शर्मा एडवोकेट रविसेन जैन, राजेंद्र शर्मा ,राजे रोमेश महंत, अमरीश शर्मा गुड्डु, देवेंद्र सिंह नरवरिया, अशोक चौधरी, पूर्व विधायकों में रसाल सिंह, मथुरा प्रसाद महंत, नरेंद्र सिंह कुशवाह ,मुन्ना सिंह भदौरिया, श्रीराम जाटव, राकेश शुक्ला, रणवीर सिंह जाटव ,रामकुमार महापे संतोष बोहरे हृदेश सिंह कुशवाह हृदेश शर्मा मंडल अध्यक्षों में दीपक सिंह राजावत, शशि भारद्वाज, विकास बोहरे, देवेंद्र उपाध्याय ,नवल किशोर मिश्रा, कुलदीप सिंह कौरव, अनूप त्यागी ,जबर सिंह कुशवाह, अमृतपाल सिंह बघेल एडवोकेट, अशोक सिंह बघेल, रमेश सिंह बघेल, आरबी सिंह बघेल, अवधेश सिंह बघेल आदि प्रमुख है ।

## संक्षिप्त समाचार

### एकेडेमी से मिली शिक्षा, संस्कार और सेवाभाव परम्परा को आगे बढ़ायेंगे: मनू जैन



**अम्बाह।** ब्राइट कैरियर एकेडमी में आयोजित बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का दो दिवसीय विदाई समारोह अमर ज्ञान कार्यक्रम के रूप में शुरू हुआ। कार्यक्रम में सीनियर विद्यार्थी जिन्होंने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में जिला मैरिट में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कु. मनू जैन को सुपर प्रेरक अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनू जैन ने कहा कि ब्राइट कैरियर स्कूल शिक्षा के साथ-साथ, संस्कार, सभ्यता, संस्कृति, सेवा और व्यक्तित्व विकास का संगम है। इसलिए हम विद्यार्थी मिलकर अमर ज्ञान कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए समसामयिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित ज्ञानात्मक पुस्तकें एकेडमी को प्रति वर्ष भेंट की जायेंगी। इसकी शुरुआत में सोमवार को 51 सौ रूपए की पुस्तकें संचालक डॉ सुधीर आचार्य एवं प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा को भेंट की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से मनोज थापक, लक्ष्य शर्मा ने किया। प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों ने अपनी स्मृतियों को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षक मनी जौहरी, नीमा जैन, सोनम तोमर, शिल्पी जैन, नेहा जैन, पूजा जैन, प्रियंका शर्मा, हिमानी अग्रवाल, अंजलि शर्मा मंचासीन रहीं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का संचालन विद्यार्थी सलोनी तोमर, सचिन तोमर, सची शर्मा, नंदनी शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

### किरार समाज कि महिलाओ ने पेड़ को राखी बाँध कर मनाया रक्षा बंधन



**कैलारस।** अखिल भारतीय किरार छत्रिय महासभा कि महिला इकाई ने हरियली महोत्सव के मौके पर पौधारोपण किया है एवं उनकी रक्षा के लिए उनको राखी बाँधकर उनकी रक्षा का प्रण लिया है, कि प्रति वर्ष हम इसे राखी बंधेगे ये पेड़ हमें प्राण वायु देते हैं। इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है कि हम इनकी रक्षा करें। जिससे दूषित वातावरण से पर्यावरण को बचाया जा सके। महिला इकाई की जिला अध्यक्ष आराधना सिंह धाकड़ ने बताया की हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान के निर्देशन मे पूरे माह जो पौधा रोपण किया है। उसको ही राखी बाँध कर रक्षा बंधन मनाया गया है। किरार समाज की महिलाओं की इस पहल की लोगों ने काफी सराहना की है। विदित हो कि महिलाओं द्वारा इस तरह के कदम को देखते हुए अन्य लोगों में सीख पैदा होगी, जिससे लोग पेड़ को पुत्र व भाई से भी बढ़कर मानेंगे। जिस तरह से माता-पिता, बड़े भाई, बड़ी बहन अपने पुत्र व भाई की रक्षा करते हैं। उसी तरह हमें भी इस तरह के अनोखे कार्यक्रम से प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त कार्यक्रम में बबिता धाकड़, आरती धाकड़, कमलेश धाकड़, पिशाता धाकड़, सुनीता धाकड़, ललिता धाकड़, ममता धाकड़, रेवती धाकड़ आदि सामजिक घरेलू महिलाओं ने भागीदारी की।

# अपराधियों के नाम के साथ-साथ अब पुलिस प्रेस नोट से अपराधियों की संख्या भी गायब

### मोटरसाइकिल चोरी बरामदगी मामला, कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा



**मुरैना।** मानवाधिकार हनन के चलते माननीय न्यायालय द्वारा हाल ही में अपराधियों के नाम उजागर न करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए थे, जिस पर से किसी भी अपराध में पकड़े जाने पर आरोपी का नाम उजागर नहीं कर सकते, लेकिन मुरैना पुलिस इस आदेश से दो कदम आगे निकल गई है और अब आरोपियों की संख्या भी छुपाने लगी है। ऐसा ही मामला सोमवार को उस समय प्रकाश में आया, जब कोतवाली पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी बरामदगी का मामला उजागर किया गया। पुलिस की कहानी कहीं से कहीं तक हजम नहीं हुई, क्योंकि ना तो पुलिस के प्रेस नोट में आरोपी कितने पकड़े गए, इसका जिक्र किया गया है और ना ही कहां से पकड़े गए, इसका कोई जिक्र है। ऐसा लगता है कि पूर्व मैं 1-1 कर बरामद की गई मोटरसाइकिल को एकत्रित कर एक साथ कार्यवाही दिखा दी गई है ताकि लोगों में यह संदेश जाए कि पुलिस बहुत सक्रिय है।

सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा सोमवार को एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि कोतवाली पुलिस ने 9 मोटरसाइकिल एवं एक कट्टा व कारतूस के साथ आरोपीगणों को पकड़ा है, लेकिन कितने आरोपी पकड़े हैं, इसका कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है। कोतवाली पुलिस हो या अन्य थानों की पुलिस सभी ने एक स्वर में एक ही भाषा पढ़ ली है और ढोल में पोल चल रही है। पुलिस द्वारा गाड़ियों के नंबर और चेसिस नंबर तो प्रेस नोट में लिख दिए गए, लेकिन कहानी कहां से शुरू हुई और कहां खत्म हुई, इसका कहीं कोई जवाब नहीं है। अधिकांश मामलों में यही देखने को मिल रहा है। जब इस संबंध में सिटी कोतवाल को उनके मोबाइल नंबर पर कॉल किया गया तो उन्होंने कॉल ही नहीं उठाया और ना ही पलटकर बातचीत करने की जहमत उठाई। थानो में बैठे थाना प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करते हुए आए दिन ऐसे ही कारनामे कर रहे हैं और अपने नंबर बढ़ाने की कोशिश में लगे हुए हैं। कोतवाली पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस नोट की भाषा देख कर तो ऐसा ही लगता है की यह सब सुनियोजित है।

### महाविद्यालय खोलने मिनी विधायक ने विधानसभा में लगाई याचिका



मुरैना। दिमनी विधानसभा क्षेत्र मैं महाविद्यालय न होने के कारण हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं को अध्यापन कार्य के लिए शहर के लिए भागना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से महाविद्यालय की मांग की जा रही है, इस मांग को विधायक रविंद्र सिंह तोमर सहित अन्य लोगों ने विधानसभा में याचिका लगाकर उठाया है और शीघ्र महाविद्यालय स्थापित करने की मांग की है। विधायक श्री तोमर के अलावा याचिका लगाने वालों में गंगा सिंह, गजेंद्र सिंह सिंहोनिया, कमलेश व्यास अजनोधा, रामबाबू सिंह मानपुर शामिल हैं। विधायक श्री तोमर ने विधानसभा में याचिका लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की घोषणा अनुसार अभी तक दिमनी में कोई महाविद्यालय नहीं है, जिस कारण क्षेत्र के बेटा-बेटियों को अनेकों वर्षों से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और अध्यापन के लिए शहर जाना पड़ रहा है, जिससे परेशानी के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी अधिक हो रहा है। श्री तोमर ने अपनी याचिका में दिमनी, माता बसैया, सिंहोनिया, मानपुर आदि जगहों पर महाविद्यालय की सख्त आवश्यकता बताई है और मुख्यमंत्री से मांग की है कि इन जगहों पर शीघ्र महाविद्यालय खोले जाएं, ताकि दिमनी विधानसभा के हजारों युवाओं को अध्यापन करने में सहूलियत हो सके।

### भाजपा महिला मोर्चा ने पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को बांधी राखी

**अम्बाह।** सोमवार को शहर के पुलिस थाने में भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं थाली सजाकर बीच रास्तों पर, घरों में और बदमाशों से बचाने वाले पुलिसकर्मियों को राखी बांधने पहुंची। शहर के पुलिस थाना और चौकियों में भाजपा महिला मोर्चा ने रक्षाबंधन मनाया। इस मौके पर पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर महिलाओं की सुरक्षा का वचन लिया। जिलाध्यक्ष श्रीमती कंचन चौहान ने एसडीओपी अशोक सिंह एवं टीआई योगेंद्र सिंह सहित पुलिस कर्मियों के स्वास्थ और लंबी उम्र की कामना करते हुए राखी बांधी, नारियल और मिष्ठान देकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने मुसीबत में उनकी कानूनी तौर पर पूरी मदद करने का भरोसा भी दिलाया।



### टीकाकरण महाअभियान में सभी का सहयोग आवश्यक: कलेक्टर

**श्योपुर।** 23 अगस्ज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा टीकाकरण महाअभियान 25 एवं 26 अगस्त 2021 को चलाने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत श्योपुर जिले में इस अभियान को संचालित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। कलेक्टर ने इस आश्य के निर्देश गूगल मीट के माध्यम से आशा, आगनबाडी कार्यकार्ताओ से चर्चा करते हुए दिये। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान में कोविड का टीका लगवाने से कोई भी व्यक्ति छूटना नही चाहिए। इसके लिए मैदानी स्तर तक टीका लगवाने की अलख जगाई जावे। साथ ही जिन व्यक्तियों का कोविड का टीका नही लगा है। उनको टीका लगाने के लिए प्रेरित किया जावे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि जिले में 25 एवं 26 अगस्त 2021 को कोविड जागरण अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जावेगा। इसलिए जिले के सभी नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर है और उनको टीका नही लगा है। ऐसे सभी नागरिक एवं गर्भवती महिलाएं अपने नजदीकी कोविड टीकाकरण केंद्र पर जाकर कोविड का पहला डोज लगवाएं जिन हितग्राहियों को कोविड का पहला टीका लग चुका है, वह अपना समय पर दूसरा डोज अवश्य लगवाएं। इसी प्रकार कोविशील्ड का पहला डोज लगने के 84 दिन के बाद दूसरा डोज लगता है एवं कोवैक्सीन का पहला डोज लगने के 45 दिन बाद दूसरा डोज लगता है। कोविड संक्रमण से स्वेच्छा दिलाएगा एवं आने वाली तीसरी लहर से भी सिर्फ कोविड टीकाकरण ही बचाएगा। कोविड-19 की तीसरी लहर बच्चों को प्रभावित कर सकती है इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों एवं परिवार की सुरक्षा के लिए 18 वर्ष से ऊपर के सही नागरिकों को कोविड टीकाकरण के दोनों डोज लगवाना जरूरी है।

### बच्चों को मंदिर ले जाए आपको भी पुण्य मिलेगा: आचार्य



**अम्बाह।** जैन बगीची में सोमवार को धर्म सभा का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत में प्रवचन करते हुए आचार्य विन्रम सागर महाराज ने बताया कि भगवान जिनेंद्र की नासा दृष्टि इसलिए होती है, कि संसार में उन्होंने सब कुछ देख लिया, अब कुछ देखना शेष नहीं रहा, अब देखना है, तो अपने आपको अर्थात अपनी आत्मा को देखना है, स्वाध्याय यानी स्वयं का अध्ययन करना है। इसके बाद जैन मुनि विनय सागर ने धर्म उपदेश देते हुए कहा कि श्रद्धा नहीं तो पूजा व्यर्थ है। जीवन को काटना नहीं जीवन को जीना है। आचार्यो ने जीवन जीने के कई सूत्र बताए हैं, जैसे कि स्वाध्याय करें, संतोष रखें लेकिन इसमें मर्जी आपकी है कि आपको कैसे जीना है दुखों के साथ या सुख पूर्वक। हमारे पास जितनी चादर है उतने ही पैर पसारें। जरूरी नहीं बुरा खाएं तभी बीमार होंगे, वातावरण से भी बीमार हो सकते हैं। इसलिए अच्छे वातावरण में रहे। बच्चों को मोटिवेट करते रहे व मंदिर ले जाएं आपको भी पुण्य मिलेगा। धर्म सभा के दौरान डॉ सुभाष जैन राहुल जैन द्वारा जगत कल्याण की कामना को लेकर भगवान आदिनाथ की स्तुति भक्तांबर पाठ के माध्यम से की गई।

## पोस्ट ऑफिस अधीक्षक की लापरवाही से जनता परेशान




### एक कैश काउंटर पर हजारों उपभोक्ताओं का भार

**मुरैना।** शहर के स्टेशन रोड स्थित डाकघर में पदस्थ अधीक्षक की लापरवाही एवं हठधर्मिता के चलते हजारों की संख्या में उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं लेकिन समस्याओं के निराकरण के लिए बैठाए गए अधीक्षक इस पर ध्यान नहीं दे रहे और लोगों में पोस्ट ऑफिस की छवि धूमिल हो रही है। एक कैश काउंटर होने के कारण यहां ड्यूटी करने वाला कर्मचारी परेशान है तो वही सैकड़ों की संख्या में पहुंचने वाले उपभोक्ता दो 2 घंटे तक अपनी बारी का इंतजार करते हुए परेशान होकर चले जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोस्ट ऑफिस बचत बैंक काउंटर पर एक ही कर्मचारी कार्यरत है, जबकि खातो की संख्या हजारों में है और शहर की 3 बैंकों के बराबर का लोड एक कर्मचारी झेल रहा है, जिससे पोस्ट ऑफिस में रुपए जमा करने और निकालने के लिए आने वाले लोगों की भीड़ एकत्रित हो जाती है। इस दौरान लगातार काम करने से कैश काउंटर पर बैठने वाला कर्मचारी परेशान है, तो वहीं उपभोक्ताओं को दो -2 घंटे लाइन में लगा रहना पड़ता है। केंद्र सरकार द्वारा पोस्ट ऑफिस को ताकीद किया गया है कि उपभोक्ताओं को अच्छी सेवाएं प्रदान करें और समय पर करें, लेकिन मुरैना स्टेशन रोड स्थित जिला डाकघर में अधीक्षक की लापरवाही के कारण व्यवस्थाएं चौपट हो गई है। ऐसा नहीं है कि कर्मचारी उपलब्ध ना हो, लेकिन अधीक्षक की मनमानी के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ कर्मचारियों को अधीक्षक द्वारा ऑफिस में अन्य काम पर लगा लिया गया है, जिससे कैश काउंटर पर एक ही कर्मचारी शेष रह है और दिनभर पोस्ट ऑफिस में उपभोक्ताओं की भीड़ होने से शोर मचता रहता है। अधीक्षक की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

## भांडेंर के पूर्व विधायक श्री घनश्याम पिरोनिया ने आज विधानसभा क्षेत्र के सैतोल,जादमपुर मे पहुंचकर बैठक में शामिल हुए सैतोल मे

**विवेक सेन रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़ / रामसहाय यादव की माताजी के निधध पर श्रद्धांजलि अर्पित की । वहीं जादवपुर में चौपाल लगाकर पूर्व विधायक श्री घनश्याम पिरौनिया ने ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी । जादवपुर वासियों ने बिजली की समस्या तथा लाइट कटौती की शिकायत पूर्व विधायक से की । ग्रामवासियों ने कहा कि अनाप-शनाप बिजली के बिल आने से किसान परेशान है । तथा बिजली की कटौती होने से छात्रों एवं विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है ।



इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री घनश्याम पिरोनिया ने ग्राम वासियों को आश्वासन देते हुए कहा कि बिजली समस्या का समाधान शीघ्र किया जाएगा , तथा मध्य प्रदेश सरकार के विद्युत मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से मैं शिकायत करूंगा तथा बिजली विभाग की मनमानी ठीक करने का प्रयास किया जाएगा । पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने कहा कि मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार किसान और गरीबों की सरकार है । किसानों एवं गरीबों को किसी भी प्रकार की कठिनाई एवं समस्याओं से रूबरू नहीं होने दिया जाएगा। उनकी हर समस्या का समाधान मध्य प्रदेश की सरकार करेगी। पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं । इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री लखन लाल दुबे ,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव, जनपद सदस्य करणसिंह दांगी, रामकिशन पप्पू दांगी ,विशुन सिंह यादव ,देवप्रसाद दांगी ,हरगोविंद निरंजन, नीलेश चतुर्वेदी, लल्ला चतुर्वेदी, नीरज चतुर्वेदी ,बालकराम निरंजन, अशोक चतुर्वेदी, मुन्नालाल डांगी, राजू निरंजन ,विकास पटेल शैलेश पटेल द्वारका प्रसाद पटेल रामकिशन पप्पू दांगी, रामसहाय यादव ,पवन दांगी, सौरभ दांगी, मलखान यादव ,अतरसिंह यादव,पवन यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।

## स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक डा लोकेन्द्र सिह कामर ने समीछा बैठक ली।

**महेंद्र शर्मा, ग्वालियर संभाग रिपोर्टर,**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** महानगर के संयोजक के सी शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत का विचार वर्ग एक अगस्त को संपन्न हुआ जिसमे सोलह जिलो के 180 प्रतिनिधियो ने भाग लिया ।विचार वर्ग मे विभाग के कार्यकर्ताओं के कार्यो की समीछा की, आगामी जो कमी रही उनकी पुनरावृति न हो इस पर विचार किया गया।




विचार वर्ग मे अखिलभारतीय संगठक माननीय कश्मीरी लाल, सह संगठक माननीय सतीश कुमार , श्री संजीव गोयल, श्री आर पी माहेश्वरी , श्री साकेत सिह राठौर , श्री श्रीकॉत बुधोलिया संयोजक मध्यभारत प्रॉत ,श्री केशव दूबोलिया संगठक मध्यभारत ने विचार वर्ग मे लिए विषयो को संक्षिप्त मे महानगर के संयोजक ने संबोधन मे रखा गया। बैठक मे यह प्रस्ताव पारित किया कि छोटी-छोटी गोष्टियो के माध्यम से विषय को जन जन तक पहुचाया जाए। इस कार्य की सतत समीछा होती रहे। बैठक मे डा. लोकेन्द्र सिह कामर विभाग संयोजक, के सी शर्मा महानगर सयोजक कौस्तुभ शर्मा जिला लश्कर के संयोजक देवैश थापक महागर प्रचार प्रमुख प्रदीप लछने महानगर पत्रिका प्रमुख जितेन्द्रसिह राजपूत संयोजक नगर मुरार, किशन सिह तौमर विचार प्रमुख नगर ग्वालियर पवन भारद्वाज संपर्क प्रमुख नगर ग्वालियर लवकुश शर्मा प्रचार प्रमुख नगर ग्वालियर अजय शर्मा ललित कुमार गुप्ता जिला लश्कर डा संदीप जैन जिला लश्कर रवि माहोर जिला लश्कर बैठक मे मौजूद रहे।

### भाजयुमो ने फल वितरण कर मनाया प्रदेशाध्यक्ष पवार का जन्मदिन

सबलगढ। भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार के 33 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सवलगढ सिविल हॉस्पिटल में अजय शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो मध्यप्रदेश द्वारा हॉस्पिटल में फल वितरण एवं मास्क वितरण कर जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा हॉस्पिटल में उपस्थित लोगों से मास्क लगाने का आग्रह किया।



## वन-टू-वन

### कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण एवम् विधानपरिषद पर सेमिनार 29 को

**ग्वालियर।** मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ जिला शाखा ग्वालियर द्वारा 29 अगस्त रविवार को नवीन जिला कार्यकारणी का शपथ ग्रहण एवम् अधिकारी कर्मचारी व पत्रकारों का स म्मान समारोह तथा मप्र में विधान परिषद के गठन की आवश्यकता विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम में संघ द्वारा ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर तथा उप्र के विधान परिषद के सदस्य सुरेश कुमार त्रिपाठी सहित विभिन्न राजनैतिक दलों सामाजिक व कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा अधिकारी व कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है।

### मजदूर फांसी पर झूला

**ग्वालियर।** शहर के नवग्रह कॉलोनी पहाडिय़ा के पास किराए के मकान में रहने वाले एक मजदूर ने अज्ञात कारणों से स्वयं को फांसी लगाकर आत्महत्या करली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है।जानकारी के अनुसार जनकगंज थाने के नवग्रह कॉलोनी पहाडिय़ा के पास किराए के मकान में शाहिद पुत्र नसीर खान उम्र 40 साल अपनी पत्नी के साथ रहता था। वह पेशे से मजदूरी का काम करता था।जब उसकी बीबी घर से बाहर गई तो उसने फांसी लगाकर आत्महत्या करली। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ग्वालियर।** जिले डबरा क्षेत्र में बिलौआ तिराहे के पास एक कार ने एक बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी राजेश श्रीवास्तव अपने गांव जिगना रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने जा रहे थे। तभी बिलौआ तिराहे के पास उनकी बाइक में एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस उसे लेकर अस्पताल पहुंची जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद कार चालक कार को भागने का प्रयास कर रहा था, तभी ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने कार चालक को पकड़ कर कार को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### मेजर ध्यानचंद अवार्ड खेल सम्मान समारोह 28को

**ग्वालियर।** सामाजिक खेल संस्था उड़ान द्वारा 16 वां राज्य स्तरीय मेजर ध्यानचंद अवार्ड खेल सम्मान समारोह खेल दिवस की पूर्व संध्या पर 28 अगस्त को आयोजित होगा। इस समारोह में खेल के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले स्टेट के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं प्रशासकों को सम्मानित किया जाएगा।

### वृक्ष नहीं तो हम भी नहीं इसके लिए पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर संरक्षरण का लिया संकल्प:डॉ. पाण्डेय

**ग्वालियर।** पेड हमारी जान है यह बात कोरोना काल के संकट में सभी लोगों को समझ में आ गई क्योंकि अन्धा धुन्ध पेड़ों की कटाई से जो नुकसान हो रहा है। वह कोविड-19 के समय ऑक्सीजन की कमी के कारण परिवार के परिवार उजड़ गये। पेड़ों के द्वारा निःशुल्क ऑक्सीजन उपलब्ध होती है जिसके लिये पेड़ों का संरक्षण अति महत्वपूर्ण है। यह बात डॉ. संजय पाण्डेय ने कही। रक्षा बन्धन का त्यौहार बहनें भाईयों की लंबी उम्र के लिये रक्षा सूत्र बांधकर मनाती है इसी प्रकार यदि हम पेड तो लगाते ही है, परन्तु उसके संरक्षण के लिये रक्षा बन्धन पर स्वयंसेवकों ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। वह पेड जो हमारे प्राण वायु के लिए आवश्यक है। यह कार्यक्रम वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि कोविड-19 महामारी के समय ऑक्सीजन की पूरे देश में कमी का मुख्य कारण प्रकृति द्वारा प्रदत्त निःशुल्क ऑक्सीजन को हम संभाल कर नहीं रख पा रहे हैं जिसके लिए हम सभी दोषी है। पेड लगाने के साथ-साथ उसके संरक्षण के लिये माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्षा बन्धन पर्व पर रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ों की लंबी आयु की उम्र कामना की गई। डॉ. शुक्ला ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है जब तक हम पेड-पौधों का संरक्षण नहीं करेंगे तब तक हमें कई प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। पेड़ों द्वारा निःशुल्क उपहारों को तो हम प्राप्त करते ही हैं, परन्तु साथ-ही-साथ भूकंप, बाढ़, महामारी आदि संकटों से भी निजात पा सकते हैं। कार्यक्रम में अनिरूद्ध शर्मा, अंकुश अरोरा, शीतल चौहान, शिवांगी गुरूंग, अंजली, हेमन्त माँझी,यश किरार, करण बरूआ,सिया अग्रवाल, सोनिया शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### उभयलिंगी व्यक्ति राशन पर्ची के लिए 7 दिवस में जमा करें दस्तावेज

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के उभयलिंगी व्यक्तियों को प्रमाणपत्र एवं राशनपर्ची 10 सितंबर 2021 तक जारी की जाना है। इसके लिए समस्त पात्र नागरिक सात दिवस में अपने आवश्यक दस्तावेज संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करावें। सहायक आयुक्त जनकल्याण विभाग सुश्री साक्षी बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि उभयलिंगी व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 नियम 2020 के प्रावधानों के तहत उभयलिंगी व्यक्तियों को राशन पर्ची जारी की जाना है, इस हेतु समस्त उभयलिंगी (किन्नर) निर्धारित आवेदन पत्र में जानकारी भरकर संलग्न दस्तावेजों जिसमें नाम, उपनाम, जन्म दिनांक, शिक्षा, निवास, आय का स्त्रोत, मेडिकल इतिहास, आदि जानकारी सहित संबंधित दस्तावेज संलग्न कर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में 7 दिवस में जमा करें।

# संक्रमण को रोकने का सबसे सशक्त माध्यम टीकाकरण है : सांसद शेजवलकर





**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिये सभी का टीकाकरण आवश्यक है। जीवन बचाने वाला यह टीका सभी लोग लगवाएँ, इसके लिये हम सबको मिलकर प्रयास करना होंगे। क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने यह बात बाल भवन में आयोजित टीकाकरण के महाअभियान के लिये आयोजित बैठक में कही। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, नगर निगम सभापति राकेश माहौर, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत किशोर कान्याल सहित सभी पूर्व पार्षद एवं वार्ड स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि मध्यप्रदेश में 25 व 26 अगस्त को टीकाकरण का महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत हम सबको ऐसे सभी लोगों को टीका केन्द्र तक ले जाना है जिन्होंने अभी तक टीकाकरण नहीं कराया है। जिन लोगों ने टीकाकरण का प्रथम डोज लगवा लिया है उन्हें द्वितीय डोज लगवाने के लिये टीकाकरण केन्द्र पर पहुंचने के लिये प्रेरित करना है। क्षेत्रीय सांसद शेजवलकर ने वार्ड स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि जिस प्रकार निर्वाचन के समय कार्यकर्ता घर - घर जाकर मतदाता को मतदान के लिये प्रेरित करते हैं उसी तरह हमें टीकाकरण के लिये भी लोगों के घर - घर जाकर प्रेरित करने का कार्य करना होगा। शतप्रतिशत टीकाकरण ही कोरोना संक्रमण को पूरी तरह से समाप्त करने का एक मात्र रास्ता है। राजनैतिक दलों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों को टीकाकरण के कार्य में अपनी सक्रिय भूमिका निभाना जरूरी है। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस मौके पर कहा कि ग्वालियर जिले में महाटीकाकरण अभियान के तहत एक लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिये प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां की जा रही हैं। क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सभी सदस्यों से आग्रह है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण केन्द्र तक भेजें। उन्होंने निगम के सभी पूर्व पार्षदों से भी आग्रह किया कि अपने-अपने वार्ड में घर-घर संपर्क कर लोगों को टीकाकरण के लिये प्रेरित करें। पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने भी टीकाकरण में समाज के सभी वर्गों के सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि टीकाकरण केवल सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। समाज के सभी वर्गों को आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाना चाहिए। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति राकेश माहौर ने भी आश्वस्त किया कि वे स्वयं और अपने साथ के सभी लोगों के साथ मिलकर अधिक से अधिक टीकाकरण के लिये प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि टीकाकरण महाअभियान में ग्वालियर जिला प्रदेश में अव्वल रहे। इसके लिये हम सबको विशेष प्रयास करना होंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों को जोड़कर हमें अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण केन्द्र पहुँचाने का कार्य करना होगा।

# उज्जैन में देश विरोधी नारों का ग्वालियर में विरोध



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में मोहर्रम के जुलूस में देश विरोधी नारे ( पाकिस्तान जिंदाबाद) लगाने के मामले से पूरे प्रदेश में आक्रोश है। इसके विरोध में सोमवार शाम कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लाकर पाकिस्तान का सांकेतिक रूप से पुतला जलाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग है कि ऐसे लोगों को देश निकाला देना चाहिए और उनकी पहचान करसंपत्ति कुर्क करना चाहिए। प्रदेश के उज्जैन में 21 अगस्त मोहर्रम पर निकाले गए जुलूस में पाकिस्तान जिंदाबाद जैसे देश विरोधी नारे लगाए गए थे, हालांकि इस मामले में उज्जैन पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की है, लेकिन अब यह मामला सियासी होता चला जा रहा है। इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्वालियर के फूलबाग चौराहे पर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाकर पाकिस्तान का पुतला दहन किया है। यह विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कांग्रेस नेता मनीष शर्मा के नेतृत्व में किया गया है। कांग्रेस नेता मनीष शर्मा ने पाकिस्तान का समर्थन करने वालों को चिन्हित करने और उन्हें फंडिंग कौन करता है इसकी जानकारी सार्वजनिक करने की शासन-प्रशासन से मांग की है। साथ ही कांग्रेस नेता कहते हैं की कुछ असामाजिक तत्व है जो हमारे देश में रहते खाते पीते हैं। भारत की हवा में सांस लेते लेकिन वह हमारे विरोधी देश के जिंदाबाद के नारे लगाते हैं। ऐसे देश विरोधियों की सम्पत्ति कुर्क कर उन्हें देश निकाला दिया जाना चाहिए।


















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478